श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 280, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 06 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

**क्रिया योगः** साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# पीएम की डेरा ब्यास मुखी से मुलाकात

## 5वीं तक स्कूल बंद, ट्रकों की एंट्री बैन



**नई दिल्लीः** हिमाचल प्रदेश चुनाव में प्रचार का आखिरी दौर चल रहा है। पार्टियों के पास प्रचार-प्रसार के लिए आखिरी पांच दिन बचे हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियों ने पूरा दम लगा दिया है। भारतीय जनता पार्टी भी हर तरह से समीकरण बनाने में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शनिवार को हिमाचल में प्रचार करने पहुंचे। हिमाचल प्रदेश में चुनावी रैली करने से पहले प्रधानमंत्री पंजाब के अमृतसर पहुंचे। यहां उन्होंने राधा स्वामी सत्संग ब्यास के डेरा में अनुयायियों से मुलाकात की। डेरे के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों से करीब आधे घंटे तक चर्चा की। सवाल ये है कि आखिर हिमाचल प्रदेश चुनाव से इस डेरे का क्या ताल्लुक है? इस डेरे के जरिए भाजपा को हिमाचल प्रदेश चुनाव में क्या फायदा मिलने की उम्मीद है? डेरे का हिमाचल में कितना असर है?

**राधा स्वामी सत्संग ब्यास का हिमाचल में कितना प्रभाव? :** साल 1891 में बाबा जैमल जी ने राधा स्वामी डेरे की स्थापना की थी। पंजाब के अमृतसर में राधा स्वामी सत्संग ब्यास बड़ा आध्यात्मिक केंद्र है। देश और दुनिया में इसके करोड़ों अनुयायी हैं। खासतौर पर पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में इस डेरे का खासा प्रभाव है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अकेले हिमाचल प्रदेश में इस डेरे के पांच लाख से ज्यादा अनुयायी हैं। ये अनुयायी हिमाचल के लगभग सभी जिलों में हैं। ब्यास डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने हमीरपुर जिले के भोटा में चैरिटी अस्पताल बनवाया है। इसके अलावा शिमला समेत हर कोने में डेरे के सत्संग भवन हैं। आजादी से पहले से यहां तब के डेरा प्रमुख बाबा सावन सिंह प्रचार के लिए पैदल आते थे। आजादी के बाद बाबा जगत सिंह, बाबा चरण सिंह व फिर गुरिंदर सिंह ढिल्लों यहां आ रहे हैं।

**पीएम मोदी के डेरे पर जाने के सियासी मायने क्या हैं?ः** 'डेरा प्रमुख से मुलाकात के जरिए प्रधानमंत्री मोदी वह एक बड़ा सियासी संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। डेरे के अनुयायी अगर साथ आ गए इसका फायदा भाजपा को मिल सकता है। हालांकि, सार्वजनिक तौर पर कभी भी डेरे ने किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं किया है।'

**सिख मतदाताओं का हिमाचल से नाताः** 'हिमाचल प्रदेश से सिखों का गहरा नाता रहा है।

सिख सिरमौर के शासकों के निमंत्रण पर, 1695 में हिमाचल प्रदेश में शिवालिक पहाड़ियों पर मुगलों से लड़ने में मदद के लिए आये थे। गुरु गोविंद सिंह जी अपनी सेना के साथ पौंटा साहिब के तलहटी में रुके थे।

### दिल्ली सरकार जल्द लागू कर सकती है ऑड-इवन फार्मूला

**महाराजा** रंजीत सिंह के शासनकालके दौरान 18वीं सदी के अंत में, पश्चिमी पहाड़ी राज्यों के कई लोग भी सिख संप्रभुता के अधीन आ गये। सिखों के 10वें गुरु, गुरु गोविन्द सिंह जी ने सिरमौर जिले की यमुना नदी के किनारे पर पौंटा साहिब बसाया गया था।'

'हिमाचल प्रदेश में मणिकर्ण भी सिखों का एक तीर्थस्थान है। यहां से रहस्यमयी तौर पर गर्म पानी आता है। मान्यता है कि सिखों के पहले गुरु, गुरु नानक देव जी ने इस स्थान का भ्रमण किया था। यहां पर स्थित गुरुद्वारा उनकी यात्रा के यादगार के रूप में बनाया गया था जो कि आज के समय में सिखों का एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल बन गया है।'

# दिल्ली में हेल्थ इमरजेंसी

## 5वीं तक स्कूल बंद, सरकारी-निजी दफ्तरों के 50% कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम



**नई दिल्लीः** जहरीली हवा से दिल्ली में लोगों की सांसें फिर उखड़ने लगी हैं। आज अदक431 दर्ज किया गया। अदक हवा की क्वालिटी मापने का पैमाना है, जिसे बेहद गंभीर कैटेगरी माना जाता है। बढ़ते पॉल्यूशन के चलते दिल्ली सरकार ने 5वीं तक के सभी स्कूल बंद कर दिए हैं। सरकारी और निजी दफ्तरों में 50% कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के लिए कहा गया है। इसके दिल्ली में कमर्शियल निर्माण कार्य रोक दिए गए हैं। डीजल कारों और ट्रकों पर पाबंदी लगा दी गई है। बाजार और दफ्तरों के समय में भी बदलाव की तैयारी है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इन अहम फैसलों की घोषणा की। इसके अलावा प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 10 नवंबर को सुनवाई होगी।।

**हवा जहरीली होते ही सियासी वार-पलटवारः** दिल्ली के एलजी विनय सक्सेना ने पंजाब के सीएम भगवंत मान को चिट्ठी लिखकर कहा- पंजाब में इस साल 24 अक्टूबर से 21 नवंबर के बीच 19% ज्यादा पराली जलाई गई। रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। सीएम भगवंत मान ने जवाब में कहा कि दिल्ली में चुनी हुई सरकार के कामों को रोक रहे हैं। मुझे चिट्ठी लिखकर राजनीति कर रहे हैं। इस विषय पर राजनीति ठीक नहीं। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा- 3 हजार करोड़ खर्च करके राज्यों को 2 लाख मशीनें दीं, फिर भी ऐसे हालात चिंताजनक हैं। दिल्ली पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी के अनुसार, 2021 में 1-15 नवंबर तक पराली जलाने की घटनाएं पीक पर रहीं। दिल्ली के पीएम 2.5 में पराली की हिस्सेदारी 4 नवंबर 2022 को 38% बढ़ गई। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की रैंकिंग में दिल्ली पहले नंबर पर रही। वहीं, लाहौर दूसरे और कोलकाता तीसरे पर रहा।

**ऑड-ईवन फॉर्मूले से घट सकता है प्रदूषणः** एक स्टडी के मुताबिक स्कूल बंद करने और ऑड-ईवन फॉर्मूले लागू करने से 15% तक प्रदूषण घट सकता है, लेकिन इतना काफी नहीं होगा। पर्यावरणविदों का कहना है कि लंबी अवधि के लिए प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए लंदन, बीजिंग और मैक्सिको सिटी जैसे शहरों से सबक लिया जा सकता है।

# भारत मैन्युफैक्चरिंग हब बनता जा रहा



**वाराणसी।** रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शताब्दी भवन में आयोजित थिंक इंडिया नेशनल कन्वेंशन-2022 का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रेलमंत्री ने कहा कि दस साल पहले रेल के साथ अन्य क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग नहीं थी, आज भारत बहुत बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनता जा रहा है। इस समय विश्व का दूसरा मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग करने वाला भारत है। अब हम किसी दूसरे देश पर निर्भर नहीं हैं वरन अन्य देशों को मदद कर रहे हैं। रेल मंत्री वैष्णव ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है अब इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस हो या ट्रेनों में लगने वाले उपकरण की डिजाइन, सब भारत में ही बनेगा। रेल मंत्री ने आगामी 25 साल तक रेलवे के विकास के लिए लांच किए जाने वाले परियोजनाओं पर प्रजेंटेशन देकर बताया कि अगले दीपावली तक भारत के 100 विश्वविद्यालय 5जी नेटवर्क से लैस हो जाएंगे। पूरे देश में जनवरी से टावर लगाने के काम में तेजी आएगी। भारत तेजी से नई तकनीक के साथ आगे बढ़ता जा रहा है। नए भारत का निर्माण हो रहा है। इसमें युवा वैज्ञानिकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान होगी। वह चाहे क्षेत्र रेलवे का हो या फिर संचार का। मेक इन इंडिया से भारत में कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इसका देश को फायदा हो रहा है। कार्यक्रम में विक्रम सारा भाई अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक डॉ. एस. उन्नीकृष्णन समेत देशभर के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में आईआईटी बीएचयू निदेशक प्रो.प्रमोद जैन, बरेका की महाप्रबंधक अंजली गोयल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय महासचिव निधि त्रिपाठी की भी मौजूदगी रही। रेल मंत्री वैष्णव ने इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। रेल मंत्री ने फनी वीडियो का उल्लेख कर एक चिप दिखाते हुए कहा कि इससे लाखों चिप्स निकल सकती हैं।

# बिहार किशोर न्याय बोर्ड का प्रश्नपत्र लीक, एनसीपीसीआर ने जांच के लिए पत्र लिखा




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को कथित शिकायत मिली है। इसमें आरोप लगाया गया है कि बिहार किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) और बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्यों के चयन परीक्षा के लिए बनाया गया प्रश्नपत्र कुछ अनधिकृत लोगों के पास पहुंच गया है। इसको लेकर एनसीपीआर ने बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखकर प्रश्नपत्र लीक शिकायत की जांच कराने को कहा है।

इस शिकायत में कहा गया है कि जेजेबी और सीडब्ल्यूसी के वर्तमान और कुछ पूर्व सदस्यों सहित एक विशेष श्रेणी के लोगों ने 6 नवंबर को होने वाली लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्र को लीक करने की योजना बनाई है।

## आईआईटी कानपुर और समाज कल्याण मंत्रालय करेंगे साथ काम

**लखनऊ।** समाज कल्याण मंत्रालय और आईआईटी कानपुर अब मिलकर, नवीन तकनीक का प्रयोग कर स्कीम के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार पर रोक लगाएंगे। आईआईटी के सहयोग से विभागीय डाटा की एनालिसिस की जाएगी ताकि बेहतर नीतिगत फैसले लिए जा सकें। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए यह बातें समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शनिवार को कही है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में आईआईटी से डा. मणींद्र अग्रवाल और डा. निशीथ श्रीवास्तव के साथ राज्य मंत्री असीम अरुण मौजूद रहे। इनके अलावा प्रमुख सचिव,समाज व निदेशक समाज कल्याण राकेश कुमार ने भाग लिया।

# ट्विटर ने 50% कर्मचारियों को निकाला

**सैन फ्रांसिस्को:** एलन मस्क ने ट्विटर को खरीदने के साथ ही दुनिया भर में कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी है। ट्विटर के कुल 7,500 स्टाफ में से करीब आधे को निकाल दिया गया है। भारत में ट्विटर के 200 से ज्यादा कर्मचारियों थे, जिनमें में से ज्यादातर को निकाल दिया है। इंजीनियरिंग, सेल्स, मार्केटिंग और कम्युनिकेशन टीमों में छंटनी की गई है। सूत्रों ने कहा कि भारत में मार्केटिंग और कम्युनिकेशन विभाग की पूरी टीम खत्म कर दी गई है। ट्विटर इंडिया के एक कर्मचारी ने कहा कि उनके साथियों को नौकरी से हटाने या बरकरार रखने के मेल आ गए हैं। इससे पहले गुरुवार को ईमेल में कंपनी ने कर्मचारियों को अस्थायी रूप से ऑफिस आने के लिए मना किया था। कर्मचारियों से कहा गया था, अगर आप ऑफिस में हैं या ऑफिस के रास्ते में हैं तो घर लौट जाइए।

**एलन मस्क ने कहा हमारे पास कोई विकल्प नहीं:** मस्क ने शुक्रवार सुबह एक ट्वीट किया- ह्यजब कंपनी को रोजाना 40 लाख डॉलर (32.77 करोड़ रुपए) का नुकसान हो रहा है, तो हमारे पास कर्मचारियों को हटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। जिन्हें भी निकाला गया है, उन्हें 3 महीने का सेवरेंस दिया गया है, जो कि कानूनी तौर पर दिए जाने वाले अमाउंट से 50% ज्यादा है।

# खालिस्तानी आतंकी बोला- हिंदू नेता सूरी को हमने मारा: सोशल मीडिया में लिखा- सिक्योरिटी भी नहीं बचा सकेगी



**अमृतसरः** पंजाब के अमृतसर में शुक्रवार को हुई हिंदू नेता सुधीर सूरी की हत्या के मामले में अब कनाडा में बैठे खालिस्तानी आतंकी लखबीर लंडा की एंट्री हो गई है। भगोड़े आतंकी लखबीर ने सोशल मीडिया पर सूरी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। आतंकी लखबीर पहले भी सुधीर सूरी की हत्या की साजिश रच रहा था। पिछले दिनों पकड़े गए आतंकी के करीबियों ने पुलिस को यह जानकारी दी थी।

**आतंकी की धमकी- सिक्योरिटी भी नहीं बचा सकेगीः** तरनतारन से कनाडा जाकर बसे और गैंगस्टर से आतंकी बने लखीबर ने लंडा हरिके एकाउंट से एक पोस्ट कर कहा है कि यह तो सिर्फ शुरूआत है। उसने अपनी पोस्ट में धमकी दी है कि जो सिख कौम या किसी भी अन्य धर्म के बारे में बुरा बोलते हैं, वे सभी तैयारी रखें। सभी की बारी आएगी। सिक्योरिटी लेकर यह ना समझें कि बच जाएंगे। अभी तो शुरूआत हुई है, हक लेना अभी बाकी है।

**सूरी की हत्या के आरोपी को सात दिन की रिमांडः** सुधीर सूरी की हत्या के बाद कुछ मिनटों में ही आरोपी संदीप सिंह उर्फ शैंडी को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसेकड़ी सुरक्षा के बीच अमृतसर कोर्ट में पेश किया गया।

# चीतों को तेंदुए का डर: 49 दिन से छोटे बाड़े में

**श्योपुरः** कूनो नेशनल पार्क को अपना घर मान चुके चीते अभी छोटे बाड़े में ही बंद हैं। बड़े बाड़े में एक खूंखार तेंदुए से उनको खतरा बताया जा रहा है। सबकुछ ठीक हुआ तो 3 चीते छोड़े जा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कूनो नेशनल पार्क लाए गए 8 नामीबियाई चीतों का प्रोजेक्ट उस तेजी से आगे नहीं बढ़ रहा, जैसी उम्मीद की जा रही थी। वजह है एक खूंखार तेंदुआ। चीतों को जिस बड़े बाड़े में शिफ्ट किया जाना है, उसमें एक तेंदुआ है। उसे पकड़ने की तमाम कोशिशें नाकाम रहीं। नतीजा- 30 दिन में बड़े बाड़े में शिफ्टिंग का प्लान अटक गया। भारत लाए जाने के 49 दिन बाद भी अब तक इन तेंदुओं को दौड़-भाग के लिए बड़ा स्पेस नहीं मिल पा रहा है। हालांकि, 3 चीतों को 60 हेक्टेयर के बड़े बाड़े में शिफ्ट करने की बात कही गई है। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन जेएस चौहान अपनी टीम के साथ कूनो पहुंच गए हैं।

चौहान ने कहा कि शनिवार को 3 चीते छोड़े जाने हैं। बाकी 5 को भी चरणबद्ध रूप से छोड़ा जाएगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि चीतों को मध्यप्रदेश में हिरण और सांभर का शिकार करना आसान होगा।

# सुकेश ने फिर चिट्ठी लिखीः मैं ठग तो केजरीवाल महाठग



**नई दिल्लीः** मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने मीडिया के नाम एक चिट्ठी लिखी है। इसमें उसने अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 3 पन्नों की चिट्ठी में सुकेश ने लिखा है- मैं अगर ठग हूं तो केजरीवाल महाठग हैं। उन्होंने राज्यसभा सीट के बदले मुझसे 50 करोड़ रुपए मांगे थे, जो मैंने दिए।

**मंत्री कैलाश गहलोत को फॉर्म हाउस पर दिए 50 करोड़ रुपएः** सुकेश ने लेटर में लिखा- 2016 में एक डिनर पार्टी में अरविंद केजरीवाल भी आए थे। उनके निर्देश पर मैंने कैलाश गहलोत को असोला के एक फॉर्म हाउस पर जाकर 50 करोड़ रुपए दिए थे। बता दें कि कैलाश फिलहाल केजरीवाल सरकार में परिवहन मंत्री हैं। सुकेश ने कहा है कि जो भी जानकारी दी गई है, वह सच है और इसकी जांच कराई जा सकती है।

**सुकेश ने मीडिया को 3 पन्नों की चिट्ठी लिखी...: मंत्री सत्येंद्र जैन और पूर्व डीजी मुझे जेल में धमका रहेः** सुकेश ने अपने वकील के नाम एक अन्य पत्र में लिखा- 1 नवंबर को मैंने दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखा था। इसमें बताया था कि जेल में सुख-सुविधा उपलब्ध कराने के बदले में केजरीवाल सरकार के जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन को 10 करोड़ रुपए दिए हैं। उपराज्यपाल से यह शिकायत करने के बाद सत्येंद्र जैन और जेल के तत्कालीन डीजी उसे (सुकेश को) धमका रहे हैं। लेटर की पुष्टि सुकेश के वकील ने मीडिया से की है।

**सिसोदिया बोले- हार से डरी भाजपा, ठग का इस्तेमाल कर रहीः** सुकेश के आरोप पर दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का रिएक्शन सामने आया है।

सिसोदिया ने कहा- एमसीडी और गुजरात में बुरी तरह हार के डर से बीजेपी ने तिहाड़ में बंद एक ठग से डील की है। वो रोज केजरीवाल के खिलाफ बेतुके आरोप लगाएगा और बदले में भाजपा उसके केस में उसे मदद करेगी। मैंने सुना है अगले हफ्ते उसे नड्डा भाजपा में शामिल करवाएंगे।

# मोरबी ब्रिज की मरम्मत के लिए मिले थे 2 करोड़: कंपनी ने 12 लाख ही खर्च किए



**मोरबीः** गुजरात के मोरबी में हुए ब्रिज हादसे की जांच में दिन-ब-दिन नए खुलासे हो रहे हैं। अब यह बात सामने आई है कि ओरेवा को पुल की मरम्मत के लिए 2 करोड़ रुपए मिले थे। कंपनी ने उसका महज 6% यानी 12 लाख रुपए ही खर्च किया था। 6 महीने की मरम्मत करके पुल को जनता के लिए खोल दिया गया था। पुल की मरम्मत पर खर्च किए गए पैसे का हिसाब-किताब सब-कॉन्ट्रैक्टर देवप्रकाश सॉल्यूशंस फर्म के पास से जब्त किए गए डॉक्यूमेंट्स से मिला है।

**फिटनेस चेक करने जयसुख की फैमिली गई थीः** ओरेवा को मार्च 2022 में 15 साल के मोरबी ब्रिज के मेंटेनेन्स का ठेका मिला था। उसने देवप्रकाश सॉल्यूशंस को मरम्मत करने के लिए सब-कॉन्ट्रैक्ट दिया था। काम पूरा होने के बाद 24 अक्टूबर को ओरेवा ग्रुप के अध्यक्ष जयसुख पटेल और उनके परिवार ने पुल पर चहलकदमी करने जैसे इकलौते फिटनेस टेस्ट के बाद जनता के लिए खोलने फिट बताया था। ओरेवा ने जिस फर्म को जिम्मा सौंपा था, उसका टेक्निकल नॉलेज पुल की मरम्मत करने के लिहाज से नाकाफी था।

# निपुण बनेंगे परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे

## इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के हॉल में महानिदेशक विजय किरन आनंद ने अफसरों संग किया मंथन



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को निपुण बनाने की तैयारी चल रही है। इस संबंध में शनिवार को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की मंडलीय संगोष्ठी आयोजित हुई। बैठक में महानिदेशक स्कूली शिक्षा (बेसिक एवं माध्यमिक) विजय किरन आनंद और मंडलायुक्त विश्वास पंत ने यहां मंडल के चारों जनपदों (प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी और फतेहपुर) से आए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर मंथन किया। दरअसल, उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में नामांकित सभी बच्चों को सत्र 2025-26 तक निपुण बनाने का लक्ष्य रखा है।

### बच्चों को मुख्य धारा में लाने का संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

महानिदेशक विजय किरन आनंद ने अपने संबोधन में कक्ष में सकारात्मक रूपांतरण करने के लिए सभी प्रतिभागियों का आह्वान किया। उन्होंने कहा, कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ दक्ष बनाने की जरूरत है। बच्चों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है महज उन्हें सही दिशा में ले जाने की जरूरत है। मंडलायुक्त ने अभिप्रेरित करने व लगातार सीखने व सीखते रहने की अभिप्रेरणा देते हुए निर्धारित समय तक निपुण मंडल बनाने के लिए सभी संबंधित का आह्वान किया। कहा कि बच्चों को सपने में दिखाएं व उनके स्वर्णिम भविष्य के सपने को बुनते हुए विद्यालयों में नामांकित बच्चों को कक्षागत मुख्य धारा में लाने के लिए सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करने की आवश्यकता है।अध्यक्षता मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) तनूजा त्रिपाठी ने किया। सीडीओ शिपू गिरि समेत बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, सभी जनपदों के जिला समन्वयकों, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारियों व खंड विकास अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों ने निपुण भारत मिशन को साकार करने का संकल्प लिया।

## जंघई जंक्शनः ट्रेन से अचानक गिरने पर गाजीपुर के युवक की दर्दनाक मौत

**जंघई।** शनिवार को जंघई प्रयागराज रेलवे लाइन पर सेमरी भोगीपुर गांव के समीप चलती ट्रेन से एक युवक अचानक गिर गया जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई।मुंबई से गोरखपुर जा रही काशी एक्सप्रेस ट्रेन से युवक के गिरने पर खेतों में काम कर रहे। लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई लोगों ने इसकी सूचना मीरगंज की जंघई पुलिस चौकी आरपीएफ, जीआरपी को घटना की जानकारी दी। सूचना पर आरपीएफ, जीआरपी तथा मीरगंज जंघई चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप शर्मा, दीवान हीरामणि दुबे अंगद बाबू पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गये रेलवे ट्रैक पर पड़े युवक के शव को कब्जे में लेकर आधार कार्ड से शव की शिनाख्त करते हुए मोबाइल से परिजनों को सूचना दी परिजनों ने बताया कि युवक मुंबई से कमाकर घर वापस लौट रहा था। मृतक की शिनाख्त मोहम्मद जावेद उम्र 24 वर्ष पुत्र मोहम्मद अहमद अली निवासी शाहपुर थाना भुड़कुड़ा जिला गाजीपुर के रूप में की गई।

## भारतीय सविधान देता है प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** शनिवार को बारा तहसील के विकास खण्ड जसरा की ग्रामसभा गड़ैया कला, और कांटी में संविधान जागरूकता अभियान के पांचवे दिन आम जनमानस को बताया गया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-17 अस्पृश्यता व छूआछूत मुक्त भारत देश के साथ अनुच्छेद-15 में जातिविहीन भारत देश का निर्माण व अनुच्छेद 39 (ख) जमीन और उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के साथ साथ अनुच्छेद-13 रूढ़िवादी प्रथा को समाप्त कर वैज्ञानिकता पर आधारित समाज निर्माण की बात करता है। उक्त बातें पूर्वांचल दलित अधिकार मंच (पदम) के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बैठक को संबोधित करते हुये बताई।

पदम संस्थापक ने आगे बताया कि भारतीय संविधान ही प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार देता है। संविधान वकीलो का दस्तावेज नहीं यह जीवन का एक माध्यम है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारतीय संविधान सर्वसमावेशी संविधान है। आजादी का अमृत महोत्सव की ही तरह संविधान दिवस की पचहत्तरवीं वर्षगांठ मानायें जाने में अभी दो वर्ष शेष बचे है क्या केन्द्र और राज्य की सरकारे अपने सत्ता के दौरान संविधान के अनुच्छेद-13, 15, 17, 38 (क), 39 (ख) और अनुच्छेद- 290 का शतप्रतिशत अनुपालन कराने में या तो फेल हुई है या उक्त अनुच्छेद में दिए गए प्राविधानों के विरुद्ध कार्य किये है। क्या केन्द्र और राज्य की ऐसी सरकारों को सत्ता में बने रहना चाहिये ?संविधान दिवस पर आगामी 26 नवम्बर को हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल लगाने वाले संविधान मेला व संविधान महोत्सव-2022 को भव्यता से मानायें जाने के लिये गांव गांव गली गली संविधान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## किसानों ने धान के पैसे का भुगतान न होने की दर्ज कराई शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/ प्रयागराज।** पिछले वर्ष धान खरीद में की गई व्यापक गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मनमाने अधिकारियों एवं क्रय केंद्र प्रभारियों तथा क्रय एजेंसियों के निरंकुशता का आलम यह है कि पूरे एक वर्ष बीतने को है किंतु पिछले वर्ष किसानों द्वारा खरीदी गई धान का भुगतान न होने से किसान अपने पैसे के लिए दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर हैं। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस कोरांव में दर्जनों किसानों ने पहुंचकर मां तारा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के के द्वारा तराव उपमंडी में खोले गए क्रय केंद्र के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराते हुए बकाए पैसे का भुगतान कराए जाने की मांग की। जिन किसानों ने शिकायत दर्ज कराई है उनमें मोहम्मद गौस रतेवार करपिया, मेवा लाल जायसवाल कोसफरा, नीलम देवी कोसफरा, राजकुमारी रतेवरा कार्पिया, चिरौंजीया देवी रतेवरा, जमुना प्रसाद रतेवरा, परसोत्तम प्रसाद, अनिल कुमार, राम कैलाश, निवासीगण भगेसर, प्रेम शंकर सेमरी बाघराय, सुशीला देवी भौंरहा आदि किसान शामिल है। शिकायत कर रहे किसानों के मुताबिक मां तारा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के द्वारा तराव उप मंडी में खोले गए क्रय केंद्र पर कुल 87 किसानों ने अपनी धान तौल कराई थी जिसमें अभी तक क्रय एजेंसी के द्वारा महज एक किसान के ही धान का भुगतान किया जा सका है। बाकी किसान पैसे के लिए इधर-उधर चक्कर काट रहे हैं। मामले की शिकायत इसके पूर्व भी किसानों के द्वारा सक्षम अधिकारियों से की गई थी, किंतु शिकायती पत्रों को ठंडे बस्ते में डालते हुए क्रय एजेंसी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिससे आज भी किसान अपने पैसे के लिए भटक रहे हैं। वही क्रय एजेंसी संचालक के हौसले बुलंद है, व लगातार किसानों को बहानेबाजी कर पैसे देने से टालमटोल करते देखे जा रहे हैं। पूरे वर्ष भर बीत जाने के बाद भी धान के पैसे का भुगतान न होने से जहां सरकार यह दावा कर रही थी कि सप्ताह भर में किसानों के धान के पैसे का भुगतान होगा वह किसानों के लिए कोरा साबित हो रहा है।

# मानव समाज के लिए आदर्श है श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता- विशुद्धानन्द

**अखंड भारत संदेश**



कथा श्रवण कराते डॉक्टर विशुद्धानन्द एवं कथा का रसपान करते भक्त श्रोता गंण।

**सहसों।** श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्त दिवसीय क्षेत्र के चंदौहां गांव में शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी के संयोजन में चल रही संगीतमय कथा के सातवें दिन कथा व्यास डॉक्टर विशुद्धानन्द ब्रह्मचारी जी महाराज के अमृतमयी मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का सारगर्भित कथा का रसपान कराया गया। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा श्रवण कराते हुए कहा श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता मानव जगत व्यवहार के लिए एक आदर्श है तथा सामाजिक समरसता की एक बहुमूल्य मिसाल है। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र श्री कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछते हुए महल में पहुंचे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला ब्राह्मण समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं जिस पर द्वारपालों ने ठहाके लगाते हुए हंसी के पात्र बना लिए ऐसा देख सुदामा का हृदय मायूस हो गया। परन्तु उसी समय अक्रूर जी पहुंचते हैं और ब्राह्मण सुदामा से परिचय पूंछा तथा अक्रूर जी के आदेश पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई सुदामा नामक गरीब ब्राह्मण उनसे मिलने आया है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु द्वारकाधीश ने सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ दौड़ पड़े सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने हृदय प्रिय सखा को अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और दोनों मित्रों के करुण हृदय से आंखों के अश्रु रुकने के नाम नहीं ले रहे थे। श्री कृष्ण सुदामा के मार्मिक मिलन को देखकर महल में उपस्थित सभी लोग भाव विभोर हो गए देवियां अचंभित हो गई कि यह कैसा मित्र है जिसको भगवान ने अपने शयनकक्ष में लेकर आए हैं। भगवान श्री कृष्ण ने अपने अश्रु धारा से उनके पांव पखारे तथा अपने राज सिंहासन पर बिठाकर खूब आवभगत की। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा को मालामाल कर दिया। कथा के समापन पर कथा व्यास ने कहा कि सभी सनातनी व्यक्तियों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान अवश्य करना चाहिए। कथा श्रवण से भक्ति के साथ मुक्ति, सुख, समृद्धि तथा सभी पापों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा आज हमारे इस जगत व्यवहार में हर मनुष्य को ऐसे दोनों परम मित्रों से सीख लेनी चाहिए और उसको अपने जीवन में बिना कटुता, द्वेष रहित आदर्श भाव के साथ ही निभाना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान पंडित यज्ञ नारायण द्विवेदी एवं जयन्ती द्विवेदी ने व्यासपीठ, यज्ञशाला एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंडित सत्यनारायण द्विवेदी, सुरेश कुमार द्विवेदी, क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल, भाजपा नेता संजय मिश्र बनकटा व अमरनाथ तिवारी, जीत लाल तिवारी, चंद्रधर द्विवेदी, अमलेंद्र कुमार तिवारी, अशोक पांडे, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, शिव प्रकाश तिवारी, वेदमणि तिवारी, जोखू लाल तिवारी, राजेश कुमार द्विवेदी, अखंड प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार मिश्रा, जगदीश केसरवानी, राकेश कुमार मिश्रा, राजकुमार सिंह सहित भारी संख्या में भक्त श्रोताओं ने कथा का रसपान किया।

## महरछाः प्रभु की कृपा भयउ सब काजू, जनम हमार सुफल भा आजू

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** प्रबोधिनी देवोत्थान एकादशी पर रधईपुर महरछा गांव में अखंड रामायण पाठ आयोजित किया गया। इस दिन भगवान विष्णु शयन निद्रा में जागते हैं यह एकादशी व्रत सभी एकादशी व्रतों में उत्तम कहा गया है।मंगला आरती के बाद अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया शनिवार को रामायण पाठ समापन पर भक्तों को प्रसाद के रूप में पंचामृत फल व मिष्ठान एवं महाप्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम आयोजक त्रिवेणी नाथ तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर रामचंद्र तिवारी, सीताराम तिवारी प्रधान, आचार्य लालजी, आचार्य अभय पांडेय, आचार्य मनमोहन पांडेय, सोनू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजा कमलाकर इंटर कालेज चैंपियन

## सीनियर और जूनियर वर्ग में शिवाजी इंटर कालेज पटेल ने दूसरे स्थान पर जमाया कब्जा

**अखंड भारत संदेश**





**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर इंटर कालेज में आयोजित दो दिवसीय 66वीं तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता की ओवरआल चैंपियनशिप मेजबान राजा कमलाकर इंटर कालेज के खिलाड़ियों ने जीती। सीनियर, जूनियर व सबजूनियर बालिका वर्ग में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ की टीम चैंपियन रही जबकि सीनियर बालक वर्ग में भी आरकेआईसी की टीम चैंपियन रही। तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन घोषित परिणाम में सीनियर बालिका वर्ग में सर्वाधिक 58 अंक पाकर राजा कमलाकर इंटर कालेज प्रथम और शिवाजी इंटर कालेज पटेलनगर 38 अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहा। जूनियर बालिका वर्ग में राजा कमलाकर इंटर कालेज 60 अंक पाकर प्रथम और शिवाजी बालिका इंटर कालेज पटेल नगर 19 अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहा। इसी तरह सब जूनियर बालिका वर्ग में राजा कमलाकर इंटर कालेज 45 अंक पाकर प्रथम और हरिशंकर पांडेय इंटर कालेज लालापुर 20 अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहा। सीनियर बालक वर्ग में राजा कमलाकर इंटर कालेज 61 अंक पाकर प्रथम और ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा 36 अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहा। जूनियर बालक वर्ग में ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा 55 अंक पाकर प्रथम और शिवाजी इंटर कालेज पटेल नगर 35 अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं सब जूनियर बालक वर्ग में ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा 44 अंक पाकर प्रथम व राजा कमलाकर इंटर कालेज 18 अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहा।

सीनियर वर्ग बालिका में गोला फेंक, लंबी कूद व ऊंची कूद में प्रथम स्थान पाकर राजा कमलाकर इंटर कालेज की संजना त्रिपाठी ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब जीता। जूनियर बालक वर्ग में 800 मीटर, 1500 मीटर व 3000 मीटर दौड़ में शिवाजी इंटर कालेज पटेलनगर के खिलाड़ी आदर्श सिंह व 100 मीटर, 200 मीटर व लंबी कूद में प्रथम स्थान पाकर अरमान व्यक्तिगत चैंपियन रहे। सब जूनियर बालक वर्ग में ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा के खिलाड़ी महेंद्र पटेल ने 100 मीटर लंबी कूद व ऊंची कूद में प्रथम स्थान पाकर व्यक्तिगत चैंपियन रहे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के संयोजक व प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने प्रतियोगिता के शांतिपूर्वक सफल आयोजन के लिए संभाग के सभी खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

उन्होंने बारा क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से आह्वान किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद में प्रतिभाग अवश्य कराएं। उन्होंने विजयी खिलाड़ियों को शील्ड व मेडल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का संचालन डॉ बृजेश यादव ने किया। प्रतियोगिता में शिक्षक सीपी सिंह, अरविंद कुमार गौतम, ओपी धारिया, रामबोध खरवार, सीबी यादव, अजय प्रताप सिंह, लक्ष्मीकांत पटेल, नीलेश राय, राम सिंह, अजय कुमार, शीतल सिंह, अनुभव सिंह, आरती सिंह, लाडली वर्मा, समीर बाबू, हरिकृष्ण, राकेश चंद्र मिश्र, अजय कुमार, वकील प्रसाद शुक्ल, अर्जुन सिंह तोमर, क्रीडाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम, अजय प्रताप सिंह, सुरेंद्र राम सिंह, सिद्धार्थ तिवारी, योगेंद्र कुमार पांडेय, प्रेम शंकर दुबे, शिवाकांत पाल, राजेश कुमार मिश्र, राकेश कुमार, चंदन सिंह, दीपेंद्र सिंह, लवकुश मिश्र, अनिल मिश्र, समीर कुमार, पवन कुमार यादव, प्रभु दयाल, लाडली वर्मा, शैल त्रिपाठी, शीतल सिंह, विभा सिंह मौजूद रहीं।



पुलिस द्वारा पकडा गया गांजा तस्कर गिरफ्तार।

## शातिर चोर और गांजा तस्कर गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक गांजा तस्कर और एक चोर को गिरफ्तार किया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाने की पुलिस टीमों ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसओ के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर बाबा उर्फ शेषराज पुत्र द्वारिका (निवासी मिश्रा का पुरवा, शंकरगढ़) को मिश्रा पुरवा में स्थित देशी शराब की दुकान से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास चोरी के सामान की बिक्री का पैसा बरामद हुआ है। अभियुक्त के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में दो मामले पंजीकृत हैं। यह गिरफ्तारी उपनिरीक्षक गंगाराम सोनकर ने अपनी टीम के साथ की है। दूसरी तरफ एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 550 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। दरोगा गंगाराम सोनकर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्कर रामसखा पुत्र रामराज यादव (निवासी अमिलिहाई, शंकरगढ़) को एनटीपीसी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से गांजा बरामद हुआ है।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक नहर में गिरा, पानी में डूबा सामान

## नहर पर बनी पुलिया टूटी इंजन पानी में, चालक बाल-बाल बचा

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/ प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के बढ़वारी कला गांव में बीती देर रात्रि को एक अनियंत्रित ट्रक मोड़ पर न मुड़ पाने के कारण नहर पर बनी पुलिया को तोड़ते हुए नहर में जा गिरा। जिससे जहां ट्रक का इंजन पूरा पानी में डूब गया, वही ट्रक पर लदा सामान भी पानी में गिर गया। बताया जा रहा है कि बढ़वारी कला गांव के रहने वाले ट्रक चालक राम कैलाश तिवारी नागपुर से ट्रक पर सामान लादकर कोलकाता के लिए जा रहे थे कि देर रात्रि होने के कारण वे बढ़वारी में अपने गांव रुकने की योजना बना रखे थे। रात दस बजे के आस पास जैसे वे ट्रक लेकर कोरांव ड्रमंडगंज मार्ग के बढ़वारी कला गांव बेलन नहर पर पहुंचे वैसे ही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक नहर में जा गिरा।



हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। बताया जा रहा है कि हाथ और पैर में आंशिक चोटे आई है। नहर में गहरा पानी होने के कारण ट्रक का इंजन जहां पूरा पानी में डूब गया, वही ट्रक पर लदा सामान भी पानी में गिर गया है। चालक किसी तरीके से दूसरे गेट को खोलकर बाहर निकल कर अपने घर चला गया। सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी घटना का स्थलीय मौका मुआयना किया है। बताया जा रहा है कि ट्रक जैसे ही अयोध्या गांव बेलन नदी पर बने पुल को पार किया वैसे ही पहले किसी पेड़ से टकराया जहां नहर में गिरी ट्रक से कुछ थोड़ी ही दूर पर ट्रक पर लदे सामान गिर गए हैं। ट्रक पर काफी वजनी सामान लादा गया है जो बगैर क्रेन मशीन के द्वारा इधर से उधर नहीं किया जा सकता है।

## पारिवारिक विवाद में विवाहिता का कान काट किया लहूलुहान

**लालापुर।** क्षेत्र के ओटघी तरहार गांव पारिवारिक विवाद के चलते एक विवाहिता को उसके देवर और देवरानी ने मारपीट करते हुए उसका कान काटकर लहूलुहान करते हुए घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत की है।

हार गांव निवासी रामबहादुर प्रजापति परदेश रहकर कमाई करता है। घर मे उसकी पत्नी रेखा देवी बच्चों के साथ रहती है। शनिवार की सुबह रेखा देवी की सास औ? उसकी देवरानी के बीच घरेलू बात को लेकर कहासुनी होने लगी। बीच बचाव के लिए रेखा देवी आई तो देवर श्रीधर व उसकी पत्नी रेखा देवी के ऊपर टूट पड़े। इस बीच रेखा देवी का कान काट लिया। जिससे वह लहूलुहान होकर घायल हो गई। रेखा ने लालापुर थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है।

# अस्पतालों में बेड हुए खाली, घटने लगी डेंगू मरीजों की संख्या

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** डेंगू के खौफनाक महौल के बीच एक राहत भरी खबर सामने आई है। जिसमें अस्पतालों भर्ती डेंगू के मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली), मोती लाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (काल्विन), स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) में डेंगू के भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कम रही।

अभी तक यही सामने आ रहा था कि अस्पतालों में डेंगू के मरीजों को भर्ती करने के लिए जगह नहीं है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। मौजूदा हालात पर नजर डाली जाए तो काल्विन में कुल डेंगू मरीजों के लिए कुल 50 बेड हैं। जिसके सापेक्ष यहां पर 45 मरीज भर्ती हैं जिसमें से 24 डेंगू के हैं व अन्य वायरल से ग्रसित हैं। जिसके आधार पर यहां पर पांच बेड खाली हैं।एसआरएन में कुल 100 बेड डेंगू मरीजों के लिए आरक्षित हैं। जिसमें कुल 88 मरीज भर्ती हैं। ऐसे में यहां 12 बेड खाली हैं। बेली में 90 बेड आरक्षित हैं जिसमें 70 मरीज भर्ती हैं। ऐसे में यहां 20 बेड खाली हैं। वहीं छावनी अस्पताल में 82 बेड आरक्षित हैं, जिसमें 71 मरीज भर्ती हैं। जिसके आधार पर यहां 11 बेड खाली हैं। चिकित्सकों की मानें तो अभी तक अस्पतालों में डेंगू मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड उपलब्ध नहीं थे। लेकिन पिछले दो से तीन दिनों में इसमें गिरावट दर्ज की गई है। वहीं अस्पतालों में गंभीर डेंगू मरीजों को ही भर्ती किया जा रहा है।

## शादी तय होते ही युवक युवती से दुराचार करने लगा फिर शादी से इंकार कर दिया मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** शादी तय होने के बाद युवती से युवक फोन से बात करने लगा। और फिर मिलकर दुराचार करने लगा। बाद में शादी से इंकार कर दिया। युवती ने युवक और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बुआपुर निवासनीय एक युवती का आरोप है कि उसकी शादी थरवई के एक युवक से तय हुई थी। शादी तय होते ही युवक उससे बातें करने लगा फिर मिलने लगा। और विरोध के बावजूद उसके मर्जी के खिलाफ दुराचार करने लगा। जब शादी की तिथि नजदीक आ गई तो युवक शादी से इंकार कर दिया।

उसके परिजन जब युवक के घर गए तो मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिए। तथा फोन पर भी निरन्तर धमकी देते रहे। युवती ने मऊआइमा थाने में आरोपी युवक सुमित कुमार पुत्र राजकुमार, उसके पिता राज कुमार एंव माता ऊषा देवी तथा आरोपी के भाई अमित कुमार सभी निवासी गण लहुरतारा थाना थरवई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस युवती को मेडिकल चेकअप के लिए भेज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी व एसएसपी ने जनता की सुनी समस्याएं

## समाधान दिवस में कुल 315 शिकायतें प्राप्त हुई, 12 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण


शिकायतों को सुनते अधिकारिगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में शनिवार को मेजा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में अधिशाषी अभियंता विद्युत के अनुपस्थित रहने पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए है। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने पर राजस्व सहायक निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जा तथा जमीन पैमाइशए तलाबों पर अतिक्रमण सहित पुलिस विभाग एवं अन्य विभाग से सम्बंधित प्रकरण सुनवाई के लिए आयें। जिलाधिकारी ने शिकायतों को सुनते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक हैए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ तो किया ही जाये साथ ही साथ शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करायें जाने के निर्देश दिए है।

### जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं


संपूर्ण समाधान में फरियादियों की समस्या सुनते अधिकारी।

समाधान दिवस में प्रार्थिनी अनिता रत्नाकर के द्वारा पट्टा जमीन पर कुछ लोगो के द्वारा अवैध अतिक्रमण किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर प्रकरण का निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया है।

प्रार्थिनी उषादेवी द्वारा शिकायत की गयी कि गलत तरीके से राजस्व कर्मी एवं पुलिस विभाग द्वारा मेरा मकान सील कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने तत्काल टीम गठन कर मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए गए है। राजकुमारी द्वारा अन्त्योदय कार्ड पर नाम न दर्ज करने की शिकायत पर जिलापूर्ति अधिकारी को जांचकर उचित निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने वरासत के प्रकरण को जांच कर दर्ज किये जाने के निर्देश दिये है।सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 315 शिकायतें प्राप्त हुईए जिसमें राजस्व की 132 पुलिस विभाग की 62 विकास की 38ए समाज कल्याण विभाग की 04ए शिक्षा विभाग की 01 अन्य विभागों की 78 शिकायतें थीए जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा है कि प्रत्येक दशा में शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय.सीमा में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर एसडीएम मेजाए मुख्य चिकित्साधिकारी श्री नानक सरन सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संपूर्ण समाधान दिवस में आई 181 शिकायते - मायूस लौटे फरियादी

### डीएम के आने की सूचना पर बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस अब मजाक बनकर रह गया है। बार-बार समाधान दिवस का चक्कर काटने वाले फरियादियों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे क्षेत्र से आने वाले फरियादीयों में मायूस है। शनिवार को करछना तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी डॉक्टर गणेश कनोजिया की,अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 181 शिकायतें पत्र आए, लेकिन मौके पर एक भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिससे फरियादियों को निराश ही लौटना पड़ा। संपूर्ण समाधान दिवस पर रामपुर तालका मुगारी गांव के भगवती प्रसाद ने शिकायती पत्र में गांव के ही रामप्रसाद के द्वारा रास्ते पर कब्जा करने ,इसी तरह पीपर हटा गांव के कल्लू प्रसाद कोल ने चक मार्ग पर अवैध कब्जा हटवाने , सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।सबसे ज्यादा चक मार्ग, नाली, खड़ंजा, की शिकायतें आई, लेकिन राजस्व विभाग व तहसील प्रशासन की उदासीनता के चलते एक भी शिकायती पत्र का निस्तारण नहीं हो सका ।समाधान दिवस पर एसपी जमुनापर सौरभ दीक्षित, तहसीलदार रमेश कुमार पांडे, नायब तहसीलदार विनय कुमार द्विवेदी, आपूर्ति निरीक्षक सुनील सिंह समेत विभागीय अधिकारी वह राजस्व कर्मी मौजूद रहे।


सतर्कता जागरूकता सप्ताह में सपाथ लेते अधिकरिगण।

## मेजा ऊर्जा निगम मे किया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम मे सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात सभी कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा शपथ लेकर की एवं इस अवसर पर विजिलेंस अवेयरनेस वॉकाथन का आयोजन भी किया गया।एक सप्ताह तक चलने वाली यह कार्यक्रम में भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताऐं जैसे निबंध लिखन, भाषण, क्रॉसवर्ड, स्लोगन लिखन आदि का आयोजन किया गया जिसमें मेजा ऊर्जा निगम के कर्मचारी, सीआईएसएफ के कर्मियों तथा सृजन विहार के निवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं समापन समारोह में सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि केदार रंजन पाण्डु द्वारा पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में केदार रंजन पाण्डु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजा ऊर्जा निगम, ने सभी कर्मचारियों को कार्यस्थल में सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में पीयूष कुमार, महा प्रबंधक (ओ एंड एम), अजित बसक, महा प्रबंधक (प्रचालन), गुरु प्रसाद सिंह, महा प्रबंधक (मेंटेनेंस), प्रदीप कुमार साबत, महा प्रबंधक (अनुबंध और सामग्री), संजय शुक्ला, महा प्रबंधक (मैकेनिकल इरेक्शन) और ऊर्जा निगम के अन्य बरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## तरौल गांव में भागवत कथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर खूब बजी बधाइयां

अखंड भारत संदेश

**करछना।** क्षेत्र के तरौल गांव में जन कल्याण हेतु चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथावाचक मुरारी जी महाराज ने भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया। एवं बाल कृष्ण भगवान की भव्य झांकी भी प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के समय खूब बधाइयां बजी। लोगों की ओर से पुष्प वर्षा की गई। साथ ही साथ महिलाओं की ओर से सोहर गीतों की प्रस्तुतियां भी हुई । वही कलाकारों की ओर से बाल कृष्ण भगवान की सुंदर व आकर्षक झांकी भी निकाली गई जो लोगों को आकर्षित करती रही ।मुख्य श्रोता यजमान रामानुज शुक्ल व सलाहकार रमेश चंद्र मिश्र (पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष) ने ब्यास सहित आचार्य जनों का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया। आयोजक ललित कुमार शुक्ला व संयोजक विवेक कुमार शुक्ला ने


भागवत कथा में प्रवचन देते मुरारी जी महाराज।

सभी भक्तजनों के प्रति आभार जताया इस अवसर पर बडी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं महिला पुरुष भक्त जनों की भीड जुटी रही,

## सैकड़ो वर्षो से कच्ची और जर्जर सड़क नहीं बनी अभी तक लगभग ढ़ेड किलोमीटर

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के कच्ची सड़क अतिक्रमण की चपेट में तिवारी के डेरा से ओठगी जाने वाली कच्ची सड़क पर लोगों ने कब्जा जमाकर खेती योग्य भूमि बना ली है ।इसी रास्ते से होकर हम सभी किसानों के ट्रैक्टर वाहन तथा मवेशियों को ले जाने व आने में सहूलियत होती थी ।इससे आमजन काफी राहत महसूस करते थे। परन्तु वर्षो से अतिक्रमणकारियों का शिकार होकर इस सड़क का नामों निशान ही मिट रहा है।

## क्षेत्र में डेंगू के लगातार बढ़ रहे मामले को लेकर कांग्रेसियों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**करछना।** कांग्रेस कार्यकताओं का एक प्रतिनिधि मंडल उपजिलाधिकारी करछना से मिलकर डेंगू के रोकथाम के लिए गाम सभाओ में व स्कूलों। पंचायत भवनों के आसपास सभी जगहों पर दवा के छिड़काव की मांग किया स्वस्थ विभाग की तरफ से पहले दवा का छिड़काव किया जाता था अब इस समय पूरा का पूरा क्षेत्र डेंगू के चपेट में हैं स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध है कि जनहित में भीषण बिमारी से रोक थाम के लिए जल्द से जल्द दवा का छिड़काव करावे ज्ञापन देने वालों में शिव विजय सिंह रंगराज सिंह डा दिनेश कुमार सोनी आशीष कुमार मिश्र एंडो सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी अकबाल बहादुर शास्त्री रविराज सिंह एंडो लाल चन्द यादव आदि लोग उपस्थित रहें।


समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते उप जिलाधिकारी शुभम यादव एवं तहसीलदार अनिल कुमार वर्मा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 238 मामले आए, मात्र पांच निस्तारित

अखंड भारत संदेश

**कोराव/प्रयागराज।** तहसील कोरांव के संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 238 शिकायतें पंजीकृत हुई,जिसमे सम्पूर्ण समाधान के बजाय मात्र पांच ही मामले निस्तारित हो पाए। समाधान दिवस में राजस्व के 88 पुलिस के 35,विकास विभाग के 25, शिक्षा विभाग के मात्र दो,समाज कल्याण के तीन और अन्य के 85 मामले मिले जिसमे राजस्व विभाग के पांच निस्तारित हुए। राजस्व विभाग की शिकायतों की संख्या घटने का नाम नहीं ले रही है। क्योंकि राजस्व के विवाद की मॉनिटरिंग निस्तारण की समुचित ढंग से नहीं होती और न ही तो राजस्वकर्मियों पर अंकुश लगाया जाता है। इनमें ज्यादातर राजस्व कर्मी लोकल हैं,जिससे निस्पक्छ रूप से कार्यवाही और निस्तारण नहीं हो पाता। और साशनादेस का भी उल्लंघन हो रहा है। समाधान दिवस में वास्तविक अधिकारियों के बजाय उनके प्रतिनिधि भाग लेते हैं जिससे शिकायतों का तुरंत एवम समुचित ढंग से निस्तारण नहीं हो पाता। समाधान दिवस में एसडीएम कोरांव शुभम यादव,तहसीलदार अनिल वर्मा और अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## बगबना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गंदगी मिलने पर कार्रवाई



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सीएमओ डॉ. नानक सरन शनिवार को स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करने निकले थे। बगबना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे तो वहां अस्पताल में गंदगी मिली, इससे नाराज हुए सीएमओ ने वहां के चिकित्साधिकारी डॉ. अंकित सिंह समेत चार कर्मचारियों का नवंबर माह का वेतन रोक दिया। सीएमओ ने बताया कि मौके पर डॉ. अंकित, फार्मासिस्ट प्रेम सिंह, वार्ड ब्वाय प्रवीन कुमार निरीक्षण में उपस्थित तो थे लेकिन अस्पताल में गंदगी मिली। व्हील चेयर और स्ट्रेचर स्टोर में पड़ा था। चिकित्सक द्वारा कम मरीजों को भी देखा गया था। इससे ऐसा लगता है कि यह लोग अपने काम के प्रति लापरवाह हैं। इसी क्रम में सीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका में अधीक्षक डॉ. हेमंत सिंह उपस्थित थे। यहां पूरा स्टाफ मौजूद था।

### बंद मिला हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, सीएचओ का वेतन रोका

सीएमओ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मड़ौका का भी निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां तो लापरवाही इस कदर थी कि सेंटर पूरी तरह से बंद था और ताला लटक रहा था। यहां आने वाले मरीज भी ताला देखकर लौट जा रहे थे। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए जानकारी ली तो पता चला कि विनय कुमार यहां सीएचओ हैं। उन्होंने सीएचओ का एक माह का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। सीएमओ ने यह भी निर्देशित किया है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो संबंधित लोगों के खिलाफ अगली कार्रवाई भी की जाएगी।

## लाखों की ठगी छात्रों से सेना में भर्ती के नाम पर

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे छात्र से एक ठग ने सब्जबाग दिखा कर छह लाख रुपए ऐंठ लिए। कई महीने टाल मटोल करने के बाद जब छात्र ने दबाव बनाया तो ठग ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया। परेशान छात्र ने नैनी थाने में अपनी तहरीर दी है जानकारी के अनुसार मेजा के कोहट निवासी मुलायम सिंह पुत्र रामजी यादव नैनी में रहकर सेना में भर्ती की तैयारी करता था। शारीरिक क्षमता की तैयारी करते समय उसकी मुलाकात रीवा निवासी अभिषेक कुशवाहा से हुई।

जिसने अपनी बातों में मुलायम को उलझा लिया और भर्ती के नाम पर करीब दो साल पहले दो लाख का चेक और चार लाख रुपए आरटीजीएस लिया। कई महीने बाद मुलायम को मध्य प्रदेश के सागर में भर्ती के लिए भेजा लेकिन वहा से मुलायम को बैरंग भेज दिया गया। तब जाकर उसे अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। पैसे वापस मांगने पर अभिषेक ने अपना नंबर बंद कर दिया और नैनी से फरार हो गया। रीवा पहुंच कर मुलायम ने वहां पुलिस में फरियाद की तो पुलिस ने उसे वापस नैनी भेज दिया। मुलायम ने नैनी थाने में तहरीर दी है और बताया की दर्जनों युवक सेना में भर्ती की ठगी का शिकार हुए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सुदामा चरित्र की कथा सुन भाव विभोर हो गए श्रोता

### कथा व्यास ने कहा कि सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे


भागवत कथा में सुदामा चरित्र सुनते श्राद्वलु।

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर के राजरूप पुर में चल रही भागवत कथा में शुक्रवार को सुदामा चरित्र पर वर्णन हुआ। कथा वाचक विद्वान पंडित बटुक जी महाराज द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।

उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र सुदामा को रोककर गले लगा लिया। भागवत कथा के आयोजन में सुखदेव चरित्र परीक्षित आज प्रसंग पर कथावाचक ने वर्णन किया है भागवत कथा के आयोजन के दौरान महिला पुरुष भक्तों की उपस्थिति पूरे समय मौजूद रही शनिवार को आयोजक जजमान द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है

## पूतना और कालिया नाग का वध कर भगवान श्री कृष्ण ने संसार का किया था कल्याण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर के राजरूपपुर में धर्म की स्थापना जनकल्याण विश्व शांति के लिए संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में गुरुवार को कथा वाचक विद्वान पंडित बटुक जी महाराज ने वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने पूतना का वध कर जगत का कल्याण किया था साथ ही साथ कालिया नाग के आतंक से त्रस्त जनमानस को मुक्ति दिलाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने कालिया नाग का वध कर जगत का कल्याण किया था प्रभु श्री कृष्ण के जीवन पर वर्णन करते हुए कथा वाचक विद्वान पंडित ने उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि विश्व के कल्याण के लिए भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ है और उन्होंने राक्षसों का संघार कर विश्व का कल्याण किया है।

भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कथावाचक ने विस्तार से करते हुए प्रभु के जीवन चरित्र की महिमा को उजागर किया किया है इस मौके पर मुख्य यजमान मीरादेवी व श्री रामबाबू सुबोध केशरवानी पत्रकार सुदीप केशरवानी विनायक केशरवानी तनिष्क केशरवानी पार्षद अखिलेश सिंह पार्षद मिथलेश सिंह हर्ष वर्मा शुभ केशरवानी विकी श्रीवास्तव आयुष अग्रवाल आनि वर्मा रिशु वर्मा त्रिलोक केशरवानी जितेन्द्र केशरवानी विक्की श्रीवास्तव सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्त वृद्ध बच्चे और नगर के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अहिरावण वध रामलीला मंचन में जुटी भारी भीड

अखंड भारत संदेश



**करछना।** सनातन धर्म रामलीला कमेटी पचदेवरा के कलाकारों की ओर से खेली जा रही 10 दिवसीय रामलीला के मंचन के अंतिम दिन शुक्रवार की रात में अहिरावण वध नामक रामलीला का मंचन बड़े ही उत्साह पूर्वक व कलात्मक ढंग से कलाकारों की ओर से किया गया। इस दौरान दर्शकों की भीड़ जुटी रही ।वही अहिरावण वध के बाद जय श्रीराम के उद्घोष भी लोगों की ओर से जमकर किए गए ।कमेटी के पदाधिकारियों की ओर से रामलीला मंचन में शिरकत किए सभी आगंतुक जनों के प्रति आभार भी जताया गया। इस मौके पर बाबा शुक्ल मुन्ना शुक्ल सूर्यकांत शुक्ल डॉ संजय त्रिपाठी वीरेंद्र कुमार शुक्ल जिला पंचायत सदस्य डा विजय बाबू यादव पप्पू शुक्ल रमाकांत शुक्ल पवन कुमार शुक्ल आशु पांडेय अशोक कुमार पटेल ग्राम प्रधान गुलाम रसूल विपिन कुमार शुक्ल शुभम शुक्ल मोहित कुमार शुक्ल विजय कुमार मिश्र संकला प्रसाद यादव भुगाई यादव आदि दर्शक लोग मौजूद रहे।

# फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुना जाएः डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतकताओं की सुनी गई समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**



रानीगंज तहसील में समस्याएं सुनते डीएम डा0 नितिन बंसल।

**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में आयोजित किया गया। रानीगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 191 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें 60 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 81, विकास विभाग से 06 एवं 44 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जो शिकायतें प्राप्त हुई है उनका निस्तारण यथाशीघ्र शासन की मंशा के अनुरूप करायें और जो भी फरियादी अपनी समस्या लेकर जायें उसको गम्भीरता पूर्वक अवश्य सुने। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें और जो भी फरियादी थानों में अपनी समस्यायें लेकर आयें विनम्रता पूर्वक उनकी शिकायतों को सुनें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रानीगंज संगम लाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अब्यवस्था के बीच आज से शुरू होगा मानिकपुर कार्तिक पूर्णिमा

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के गढ़ी मानिकपुर में रविवार से लगने वाले पांच दिवसीय ऐतिहासिक व पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा के मेले में अब्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगो मे आक्रोश है लोगों ने बताया कि मेले में आस पास व दूर दराज के जिलों के श्रद्धालुगण गंगा स्नान व मां ज्वाला देबी के साथ कड़ा शीतला माता कौशाम्बी के दर्शन के लिए आते हैं। जिसमें समस्त गंगा घाट और गंगाजी के लिए जाने वाले रास्तों की साफ सफाई और मरम्मत तथा प्रकाश ,जल आदि की व्यवस्था प्रशासन की तरफ से किया जाता है, परंतु इस बार अभी तक नगर पंचायत ने इस ओर कोई ध्यान नही दिया जब कि मेले का प्रथम दिन रविवार से शुरू हो रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि एसडीएम के आदेश का कोई असर नगर पंचायत पर नही पड़ रहा है निजी खर्च पर लोग व्यवस्था करने पर मजबूर हैं।

# अधिक भाव लेने पर विक्रेता के विरुद्ध होगी कार्रवाई

## भाव के साथ ही खाद की गुणवत्ता की भी करे जांच

### एसडीएम ने डीडीएजी को दिया निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी भाव से अधिक दामों पर बिक्री करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। एसडीएम ने डीडीएजी को निर्देश देते हुए कहा की बाजारों में बिक रही डीएपी के भाव के साथ ही उसकी गुणवत्ता की भी जांच कराए।

स्थानीय क्षेत्र के रानीगंज कैथौला क्षेत्र के किसान आलू की खेती अधिक मात्रा में करते है जिस वजह से समितियों पर उनकी जरूरत के हिसाब से डीएपी खाद नही मिल पाती है। ऐसी स्थिति में बाजारों से सरकारी दामों से अधिक दामों पर उर्वरक खरीदना उनकी मजबूरी है। बाजार से खरीदे गए उर्वरक की गुणवत्ता भी अच्छी नहीं रहती है। इसी समस्या को प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम सौम्य मिश्र ने डीडीएजी को निर्देश देते हुए कहा की सरकारी भाव 1350 रुपए से अधिक दाम लेने के साथ ही गुणवत्ता विहीन डीएपी की बिक्री करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई करें। किसानों का कहना है की बाजारों में व्यापारी 150 रुपए अधिक ले रहे है। विरोध करने पर खाद नही है कहकर चुप हो जाते है। अधिक भाव देने के बावजूद गुणवत्ता विहीन ही खाद मिल रही है। इस संबंध में एसडीएम सौम्य मिश्र ने बताया कि डीडीएजी को मामले की जांच के लिए निर्देशित किया गया है।

### रानीगंज कैथौला बाजार में नकली कारोबार से है पुराना रिश्ता

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के रानीगंज कैथौला बाजार में नकली कारोबार से पुराना रिश्ता है।यहां चाहे खाद हो या फिर खली का व्यापार। मिलावटी सामानों की बिक्री करके अधिक पैसे कमाने की आदत सी पड़ गई है। अभी 11 अप्रैल को एक व्यवसाई के आयल्स मिल्स पर एसटीएफ ने छापेमारी कर गोदाम को सील किया था। वहीं खाद के भी मिलावट पर कई बार सवाल उठे और छापेमारी भी की गई है।

# नगर पालिका ने विस्तारित क्षेत्रों में 700 घरों में वितरित किया डस्टबिन

## गीले कूड़े से बनेगी कम्पोस्ट खाद

**अखंड भारत संदेश**



लोगों को डस्टबिन वितरित करते सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह।

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने शनिवार को नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्रों में गीले कूडे.व सूखे कूडे.को एकत्रित करने के लिये दो-दो डस्टबिन 700 घरों में घर-घर जाकर वितरित किया। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गीला कूड़ा हरे डस्टबिन एवं सूखा कूड़ा नीले डस्टबिन में एकत्र करना है।

उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी अलग-अलग कूड़ों को एकत्र कर कूड़ा प्रथक्ककरण केन्द्र पर भेजेंगे जहां से गीले कूडे. से कम्पोस्ट खाद बनाई जाएगी जो खेती के काम आएगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह ने शासन के निर्देषों के तहत व स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को ध्यान में रखते हुए घर-घर जाकर गीला व सूखा कूड़ा एकत्र करने का निर्देष जारी किया जिसके तहत डस्टबिन वितरित किये जा रहे हैं। शनिवार को नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र पूरे ईष्वरनाथ, पूरे माधव सिंह, गायघाट रोड व जहरगो के 700 घरों में डस्टबिन वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, जिला समन्वयक आषीष मिश्र, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, राहुल आदि मौजूद रहे। बता दें कि नगर पालिका किचेन के कूडे. को जैसे सब्जी आदि को गीला कूड़ा मानती है और कागज व कबाड़ को सूखा कूड़ा मानती है। गीले कूडे.से कम्पोस्ट खाद बनाकर कृषि क्षेत्र में उपयोग का नायाब तरीका नगर पालिका ने इजाद किया है इसी उद्देष्य नगर पालिका गीला व सूखा कूड़ा को अलग-अलग एकत्र करने की योजना के तहत काम कर रही है।

## प्राथमिक विद्यालय में किया गया वृक्षारोपण

**परियावां, प्रतापगढ़।** भाजयुमो जिला कार्यालय प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला उर्फ गोलू ने शनिवार को कुंडा के पूरे विहान का पुरवा प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण किया और विद्यालय में साफ सफाई पर एक नजर डाला। इस दौरान सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में शिक्षको व बच्चो को बताया। बच्चों के बीच मे जाकर विद्यालय में शिक्षा एवं भोजन के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान सफाई की समस्या की बात सामने आने पर कुन्डा ईओ को तत्काल फोन कर विद्यालय में साफ सफाई रखने की बात कही। इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे। विद्यालय की जर्जर बिल्डिंग व पानी की समस्या को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी संजय सिंह को अवगत कराया।

# प्रतापगढ़ स्टेशन पर उतरे रेल मंत्री ने देखी हकीकत

## पहले ही रुक गई मंत्री की स्पेशल ट्रेन, भागे अफसर

**अखंड भारत संदेश**



प्लेटफार्म पर ट्रेन रुकने पर विंडो से निरीक्षण करते रेल मंत्री।

**प्रतापगढ़।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव शनिवार को कुछ समय के लिए प्रतापगढ रेलवे जंक्शन पर उतरे और यहां की हकीकत से रूबरू हुए। यह सब अचानक हुआ, जिससे प्लेटफार्म पर अफरा तफरी मच गई। अफसर मंत्री से मिलने के लिए भागना शुरू कर दिए। हालांकि तब तक वे कोच जाकर बैठ चुके थे। उनके जाने के बाद यहां के अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार रेल मंत्री अश्विन वैष्णव बनारस से स्पेशल ट्रेन से रायबरेली जा रहे थे। ट्रेन को प्रतापगढ होकर जाना था लेकिन मंत्री का उतरना नही था। प्लेटफार्म दो से ट्रेन को गुजरना था। मंत्री उतर न जाए यह सोचकर एसएस शमीम स्टाफ के साथ आगे खड़े थे। दोपहर करीब दो बजे स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म दो पर पहुंची और अचानक से नए पुल के पहले ही रुक गई। मंत्री ट्रेन से उतर गए। आगे खड़े होकर उनका इंतजार कर रहे रेल कर्मचारियों ने देखा तो वे स्वागत करने के लिए पीछे भागे। लेकिन तब तक रेल मंत्री कोच में चढ़ चुके थे। सूत्रों के अनुसार अपने साथ चल रहे अधिकारियों से उन्होंने स्टेशन के बारे में जानकारी ली। हालांकि यहां का कोई भी अधिकारी, कर्मचारी उनसे मिल नहीं सका। पता चला है कि मंत्री को एक से दूसरे कोच में आना था। इसलिए ट्रेन यहां पर रोकी गई थी। रुकने के बाद उन्होंने जितना समय कोच बदलने में लिया। बस उतनी ही देर के लिए उतरे थे। इस दौरान स्टेशन के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद थे। एसएस शमीम ने बताया है मंत्री का उतरने का कोई प्रोग्राम नही था। अचानक से थोड़ी देर के लिए उतरे थे।

# शहर का विकास ही हमारी प्राथमिकताः प्रेमलता

## पल्टन बाजार व पटखौली वार्ड में इंटरलाकिंग सड़क का हुआ लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**



इंटरलाकिंग सड़क का लोकार्पण करतीं नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह एवं पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने शनिवार को पल्टन बाजार व पटखौली वार्ड में इंटरलाकिंग सड़क व नाली का उद्घाटन करते हुए कहा कि नागरिकों को सड़क, नाली, बिजली, पानी मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शहर का विकास करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। अब तो नगर पालिका का विस्तार हो गया है और वार्डों की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में अब जिम्मेदारी और बढ़ गई है लेकिन नागरिकों का सहयोग इतना है कि विकास में कोई बाधा नहीं आई और न ही आएगी।

शहर के पल्टन बाजार में सूर्य नारायण पाण्डेय अधिवक्ता के घर के सामने से जौव्वाद अली के घर तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली तथा पटखौली वार्ड में राम प्रसाद के घर से श्याम लाल वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली के लोकार्पण के बाद हरिप्रताप सिंह ने कहा कि शहर में कई वार्डों में इंटरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। पल्टन बाजार के लोकार्पण समारोह में सभासद राकेष शुक्ला व मालती सिंह के अलावा विनोद श्रीवास्तव, अमरेष बहादुर सिंह, ओम प्रकाष व मिथिलेष सिंह मौजूद रहे। इसी प्रकार पटखौली वार्ड के सभासद आरती सरोज ने लोकार्पण समारोह में अध्यक्षा प्रेमलता सिंह का स्वागत किया। दोनों लोकार्पण समारोह का संचालन ज्वाला सिंह ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## फांसी पर लटकता मिला नवयुवक का शव

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के गरीब शाह की तकिया सरायइंद्रावत डेरवा निवासी अभिषेक गौतम आशु (18) पुत्र दिलीप कुमार गौतम का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकता शव मिला। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे जेठवारा थाना अध्यक्ष अजीत कुमार शुक्ला ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। मृतक के पिता कानूनगो ने थाने में लिखित तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

# देवोत्थान एकादशी पर दीपों की रोशनी से जगमगाया कालाकांकर गंगाघाट

## पूर्व सांसद रत्ना सिंह ने किया दीपदान

**अखंड भारत संदेश**



गंगा तट किनारे दीनदान करतीं पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

**परियावां, प्रतापगढ़।** देवोत्थान एकादशी के पर्व पर शुक्रवार की शाम दीपों की रोशनी से कालाकांकर गंगाघाट जगमगा उठा शाम को गंगातट किनारे प्रतापगढ़ की पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने ग्रामवासियो के साथ गंगातट किनारे भव्य दीप दान किया और माँ गंगा की पूजन अर्चन कर आरती किया।

बता दें कि देवोत्थान एकादशी के पर्व पर महिलाओं ने व्रत रखा और भगवान विष्णु को गन्ना व सिघाड़ा के साथ मिष्ठान का भोग लगाया और परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। इस मौके पर कुँवर अनूप सिंह, कुँवर मनीष सिंह प्रधान, डॉ घनश्याम यादव मैनेजर, डिग्री कालेज प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव, प्रो0 रामकरन यादव,रवि जायसवाल, राधेश्याम गुप्ता, शुभम गुप्ता, मैकूलाल गुप्ता, लोकनाथ मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला कोटेदार की पिटाई तथा छेडछाड को लेकर प्रधानपति के खिलाफ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला कोटेदार के घर पहुंचकर प्रधानपति द्वारा मारपीट तथा अश्लील हरकत करने को लेकर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पडरी निवासी पन्नेलाल गुप्ता की पत्नी रीता गुप्ता सरकारी गल्ले की दुकान की लाइसेंसधारी हैं। पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पचीस अक्टूबर को सुबह नौ बजे गांव के प्रधानपति सुरेश पुत्र रामकिशोर गौतम उसके घर पहुंचे। उस समय पीडिता का पति घर मे मौजूद नही था। प्रधानपति ने पीडिता को गाली देते हुए कहा कि दीपावली पर उसे चीनी नही भिजवाई गई। इसके बाद प्रधानपति पर आरोप है कि वह चीनी के बोरे से पांच किलो चीनी जबरिया अपनी साइकिल पर लादने लगा। पीडिता ने साइकिल पकड़ ली तो आरोपी ने उसे मारापीटा। आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करने का भी आरोप है। शोरगुल सुनकर गांव के कुछ लोग जुटने लगे तो आरोपी प्रधानपति जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रधानपति के खिलाफ मारपीट व छेडछाड का केस दर्ज किया है।

## दुर्घटना में राजस्व निरीक्षक घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** टैज्क्टर ट्राली से बाइक की टक्कर में तहसील मे तैनात राजस्व निरीक्षक चुटहिल हो गये। तहसील मे रेहुआ लालगंज क्षेत्र मे तैनात राजस्व निरीक्षक दिलीप तिवारी 58 शुक्रवार की देर शाम तहसील से घर हीरागंज जा रहे थे। लालगंज के केशवपुर के समीप टैज्क्टर ट्राली खड़ा था। इस बीच सामने से एक चार पहिया वाहन के अचानक आ जाने से बाइक ट्राली मे टकरा गयी। राजस्व निरीक्षक दिलीप को आंख पर गंभीर चोटें आ गयी। इलाज के लिए लोगों ने उन्हें स्थानीय ट्रामा सेंटर पहुंचाया। ट्रामा सेंटर में साथी को दुर्घटना मे घायल होने की सूचना पाकर क्षेत्रीय लेखपालो का भी जमावडा दिखा।

# बदमाशों ने प्रधानाध्यापक को तमंचा सटाकर की पिटाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एमडीएम कन्वर्जन कास्ट कर चेक पर हस्ताक्षर करा कर घर वापस लौट रहे प्रधानाध्यापक को रास्ते में बदमाशों ने रोककर तमंचा सटा दिया प्रधान पुत्र की बात मानने की नसीहत दी। पीड़ित प्रधानाचार्य ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अमुवाही गांव में प्रधान अध्यापक पद पर तैनात चांदपुर गांव के रहने वाले जयनलाल जायसवाल पुत्र राम सागर ने बताया कि वाह कोरोना काल में एमडीएम कन्वर्जन कास्ट के चेक पर हस्ताक्षर कराने के लिए प्रधान पुत्र ने घर पर बुलाया था। शाम के समय चेक पर हस्ताक्षर कराने के बाद घर लौट रहा था तभी रास्ते में दो बदमाश तमंचा सटाकर प्रधानाध्यापक को मारने पीटने लगे और कहा कि प्रधान पुत्र की बात माना करो और जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित प्रधानाध्यापक को गंभीर चोटें आई उसने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## ब्लॉक कर्मचारी की पत्नी की बुखार से मौत

**प्रतापगढ।** एक सप्ताह से डेंगू बुखार से पीड़ित महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। कंधई थाना क्षेत्र के बिबियाकरनपुर गांव के विकास शुक्ल की पत्नी सुमन शुक्ल (37) को बीते शनिवार को अचानक बुखार हुआ। परिजनों ने उसे जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया। जांच के दौरान महिला में डेंगू के लक्षण पाए गए। हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे प्रयागराज ले गए। शनिवार सुबह सुमन की सांस थम गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के दो बेटे हैं। सुमन के पति विकास आसपुर देवसरा ब्लाक में वरिष्ठ सहायक के पद पर हैं। परिजन सुमन की मौत की वजह डेंगू बता रहे हैं।

# टीएलएम निर्माण कार्यशाला में दी गई जानकारी

## बीआरसी केन्द्र पर चल रही तीन दिवसीय कार्यषाला का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**



टीएलएम निर्माण कार्यशाला में प्रतिभागी शिक्षकगण

**प्रतापगढ़।** सदर विकास खंड के सुखपाल नगर बीआरसी पर आज तीन दिवसीय टीएलएम निर्माण कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने सीखे ज्ञान एवं कौशल का प्रदर्शन कर आकर्षक टीएलएम बनाया और उन्हें प्रदर्शित कर बच्चों को पढ़ाने में उसकी उपयोगिता बतायी।

संख्या एवं परिमाण चार्ट के अलावा कहानी चार्ट एवं कविता चार्ट से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं जैसे छोटा- बड़ा, पास- दूर, अंदर- बाहर, क्रमबद्धता, चरणबद्धता आदि का ज्ञान कराने के लिए बनाए गए टीएलएम से बच्चों को किस प्रकार पढ़ाकर उनकी समझने और सीखने की क्षमता में वृद्धि की जा सकती है इसका प्रदर्शन किया। प्रतिभागी शिक्षिका निहारिका, किरण तिवारी, सुशीला वर्मा, दीप्ति सिंह, मनस्वी, सोनाली, ऋतु शुक्ला संगीता सिंह, वसुंधरा, पूजा, रश्मि, प्रतीक्षा,पूनम, साधना, अनुपम सिंह , वासुदेव, हनुमान प्रसाद, अभिषेक आदि ने आकर्षक टीएलएम बनाकर उसे प्रदर्शित किया। प्रशिक्षिका प्राची पांडे, अनामिका पांडे, संजीव सोनी, चंद्रेश शुक्ला, संतोष शर्मा, सुयश मिश्रा, विकास, रामजी, अतुल, विजेता चावला आदि ने प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं के टीएलएम का अवलोकन एवं मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षिका प्राची पांडे ने कहा कि प्रतिभागी शिक्षक- शिक्षिकायें कार्यशाला में सीखे ज्ञान का उपयोग बच्चों को पढ़ाने में करें और अन्य शिक्षकों को भी आकर्षक उपयोगी टीएलएम बनाकर पढ़ाने के लिए प्रेरित करें। संजीव ने टी एल एम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। चंद्रेश और संतोष ने प्रतिभागियों की कला और उत्साह की प्रसंशा करते हुए प्रोत्साहित किया। अनामिका ने पाठ के अनुसार टी एल एम निर्माण करने की बात कही। अतुल, राम जी, सुयश और विजेता ने टी एल एम निर्माण में प्रतिभागियों की सहायता की। बीआरसी के कर्मचारी अवनीश, जितेंद्र, आशीष, प्रवीण, देवेश आनंद, कमलेश ने कार्यशाला मे सहयोग प्रदान किया।

# आपरेशन के दौरान प्रसव पीड़िता की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली के वैष्णव कालोनी में एक सेन्टर संचालक ने पीडित अधिवक्ता सुदीप शुक्ला की पत्नी को प्रसव के दौरान ऑपरेशन किया जिसमें खून की ब्लीडिंग बन्द न होने की बात कहकर बाहर से डॉक्टर को बुलाने के नाम पर और पैसे की डिमांड किया। पीड़ित अधिवक्ता के इनकार करने पर महिला की हालत बिगड़ते देख प्रयागराज भेज दिया जहाँ से हालत नाजुक देख राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए और चिकित्सक ने बताया कि प्रसव के दौरान महिला की खून की नस काट दी गई जिसका बच पाना मुश्किल है जिससे अधिवक्ता की पत्नी की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वही लोगो मे सेंटर संचालक के खिलाफ आक्रोश है। अधिवक्ता सुदीप शुक्ला ने मामले की शिकायत कुंडा कोतवाली पुलिस के साथ एसपी डीएम सीएमओ व मुख्यमंत्री से की है।

# डीएम एवं एसपी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

## राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आज जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने तहसील सिराथू में आम-जन की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें उन्होनें राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकताओं के आधार पर निस्तारित किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया समाधान दिवस में शिकायतकर्ता शिव कुमार निवासी वार्ड नं0-3 नया नगर, सिराथू द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि रेलवे लाइन की इण्टरलाकिंग मंजूर होने के कारण प्रार्थी के घर तक आने-जाने का कोई रास्ता नहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ सिराथू को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। प्रार्थिनी अनारा देवी निवासिनी ग्राम-शहजादपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनके द्वारा राशन कार्ड बनवाने के लिए कई बार ऑनलाइन कराकर कागज जमा करने के बाद भी राशन कार्ड नहीं बना है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें है। प्रार्थी मक्खनलाल निवासी ग्राम-अटसराई द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि ग्रामसभा में जल निकासी के लिए बनी हुई नाली को कुछ लोगों द्वारा अवरूद्ध कर दिया गया है, जिससे जलजमाव एवं मच्छर उत्पन्न हो रहें है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें है इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी श्री राहुल देव भट्ट सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे




## फिसल कर बाइक सवार सड़क पर गिरा घायल

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज पुलिस चौकी के बलिहावा मोड़ से कुछ दूरी पर बाइक सवार के वाहन का ब्रेक फेल हो गया जिससे वह फिसल कर के बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े हादसे में बाइक सवार घायल हो गए हैं घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बिरहिबाद ग्राम के भोला सिंह पुत्र कामता प्रसाद उम्र 27 वर्ष शुक्रवार की शाम बाइक से मनौरी बाजार की ओर जा रहे थे जैसे ही वह बलिहावा मोड़ के पास पहुंचे उनकी बाइक का ब्रेक फेल हो गया और अचानक वह फिसल कर बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े हैं।

# संभावित दावेदारों ने खजाने का मुंह खोला,वोट के ठेकेदारों की बल्ले बल्ले

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** नवम्बर दिसम्बर में नगरीय निकाय चुनाव प्रस्तावित है।निर्वाचन से जुड़े जिम्मेदार प्रक्रिया में जुटे हुए हैं अभी तक नगर पंचायतों,वार्डों का आरक्षण नही हुआ किंतु सम्भावित दावेदारों ने अपने खजाने का मुंह खोल दिया वहीं वोट के ठेकेदारों की बल्ले बल्ले हो गयी है हर उस ठेकेदार की डिमांड बढ़ गयी है जिसका खुद के घर मे वजूद नही है तमाम सम्भावित दावेदार वोट के ठेकेदारों को अपनी तरफ आकर्षित कर मतदाताओं को तरह तरह के प्रलोभन देकर देवी स्थलों,रमणीक स्थानों में लक्जरी वाहनों बसों से भ्रमण करवा रहे हैं कुछ सम्भावित दावेदार अपने स्वघोषित वोट के ठेकेदारों द्वारा प्रलोभन दिलवा रहे हैं कि उनका प्रत्यासी जीतने पर उसका वारा न्यारा कर देगा कुछ सम्भावित दावेदारों ने तो अपने प्रतिष्ठान से फ्री सामान,सूरा का दौर चलवा रहे कुछ भी हो ठेकेदारों की बल्ले बल्ले हो गयी है।कुछेक दावेदार सीट आरक्षण होने पर ही जुगत में लगे हैं सम्भावित दावेदार उन घरों ,चौखटों पर भी दस्तक देते फिर रहे हैं जहाँ पहले कभी झांकना गवारा नही समझते थे। वोट के ठेकेदार अपने सम्बंधित दावेदार की शान में कसीदे पढ़ रहे हैं।

# ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अलवारा बना चैंपियन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सरसवां ब्लाक में आयोजित दो दिवसीय रैली का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य अनिल कुमार ने विजेता टीमों को शील्ड व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। लेखाधिकारी कौशाम्बी के प्रतिनिधि के रूप में थानेश्वर सिंह उपस्थित रहे। बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता में अलवारा न्याय पंचायत के बच्चों ने परचम लहराया। वही उपविजेता का खिताब शाहपुर के बच्चों की झोली में गया तथा तृतीय स्थान डेढ़ावल संकुल का रहो100 मीटर प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में प्रथम राजकली कंपोजिट विद्यालय हिनौता एवं बालक वर्ग में प्रथम नीरज कंपोजिट स्कूल हिनौता रहोयोग कंपटीशन में कंपोजिट स्कूल खरौना के बच्चों ने बाजी मारी। मुख्य अतिथि अनिल कुमार उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट कौशांबी ने कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षकों व विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वो खेलों को जीवित रखने में सजग रहकर कार्य करें। ऐसे आयोजनों से प्रतिभा का निखार होता है और आपसी सहयोग की भावना प्रगाढ़ होती है। बीईओ सरसवां प्रमोद गुप्ता ने प्रतियोगिता में आये हुए सभी अतिथियों, शिक्षको व विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया। मंच का संचालन डॉ0अभिषेक सिंह ने किया और मीडिया कवरेज एवं अनुशाशन की जिम्मेदारी अंकित श्रीवास्तव ने निभाई इस कार्यक्रम में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक विनय कुमार सिंह एवं आलोक सोनी मुख्य निर्णायक के साथ साथ पवन गर्ग हिमांशू गुप्ता प्रभात पॉजिटिव सौरभ पाण्डेय, इंद्रभान सिंह, देवेंद्र सिंह, नितिन यादव, समावेशी, अमर सिंह, अमित सिंह, राजेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, पंकज कुमार, सुषमा चौरसिया, पप्पू पाण्डे, आंशी सिंह, वर्षा सिंह, अंजू शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहें

## महीनों बाद भी ट्रांसफॉर्मर ना बदले जाने से सूख गई किसानों की फसल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** विद्युत विभाग की उदासीनता से महीनों बीत जाने के बाद खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है जिससे किसानों की धान की फसल सूख गयी है कई बार अधिकारियों को ट्रांसफार्मर बदलने की सूचना दिए जाने के बाद भी विभागीय अधिकारी किसानों की समस्या पर गंभीर नहीं हुए हैं जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है

जानकारी के मुताबिक मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सोनवारा मजरा बेरौचा में महीनो पूर्व खराब हो चुका ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका है बिजली विभाग के ठेकेदार संजय तिवारी की बड़ी लापरवाही से बिना पानी के कई बीघे धान की फसल खराब हो गई है।

# परीक्षा की पूर्व तैयारी हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2022- 23 का आयोजन दिनांक 13 नवम्बर को जनपद कौशांबी में निर्धारित परीक्षा केंद्र पर होगा इस परीक्षा में कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्र छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा की पूर्व तैयारी हेतु एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 04 नवम्बर को डायट कौशांबी के सभागार में प्राचार्य डायट कौशांबी अनिल कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मनोविज्ञानशाला प्रयागराज की प्रवक्ता मनोविज्ञान श्रीमती प्रीति जायसवाल ने विधिवत तैयारी हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया। तथा इस कार्यशाला में डायट कौशांबी के वरिष्ठ प्रवक्ता विपुल शिव सागर, डॉ ए0 के0 श्रीवास्तव, तथा प्रवक्तागण डॉ संदीप तिवारी , डॉ अरमा देवी नरेंद्र कुमार कौशलेंद्र मिश्र ,डॉ देवेश सिंह यादव,देवेंद्र कुमार मिश्र, नीतीश कुमार धीरज कुमार, डॉ वंदना सिंह, डॉ श्वेता त्रिपाठी राजेंद्र कुमार भारती, सुश्री शबनम सिद्धकी, डॉ अनामिका सिंह सुरेश चंद्र मिश्र एवं श्री ए0 के0 सिंह आदि सभी उपस्थित रहे। कार्यशाला में संचालन का कार्य डॉ वंदना सिंह प्रवक्ता (मनोविज्ञान) द्वारा किया गया। नरेंद्र कुमार प्रवक्ता (विज्ञान) ने जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान से संबंधित बच्चों को प्रश्न पत्र हल करने का तरीका बताया। डॉ श्वेता त्रिपाठी प्रवक्ता (गणित) ने अंकगणित, बीजगणित और रेखा गणित से संबंधित परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के विषय में समझाया तथा परीक्षा में गणित विषय के प्रश्नों को हल करने से संबंधित टिप्स भी दिए। सुश्री शबनम सिद्दीकी प्रवक्ता (सामाजिक विज्ञान ) ने इतिहास, भूगोल एवं नागरिक शास्त्र के प्रश्नों को हल करने का सही तरीका बताया तथा बच्चों द्वारा पूछे गए विषय से संबंधित प्रश्नों के उत्तर भी दिए। अंत में, उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट ने बच्चों को परीक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों के मनोबल को बढ़ाया और उन्हें उनकी भविष्य में सफलता हेतु आशीर्वाद देते हुए उनको प्रोत्साहित किया एवं प्रवक्ता मनोविज्ञानशाला, प्रयागराज तथा समस्त प्रवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थिति छात्राएं।

# व्यक्ति नहीं संगठन लड़ेगा चुनाव- अनीता त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्याशी होगा और कार्यकताओं का जोश तय करेगा कि जिले की सभी 10 नगर निकाय से पार्टी को जीत मिले। इस चुनाव में पार्टी नहीं अभी संगठन चुनाव लड़ेगा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी नगर पालिका परिषद मंझनपुर की चुनाव तैयारियों को लेकर बैठक के दौरान कही। इस दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता परिवर्धन एवं विलोपन का कार्य चुनाव में सबसे आवश्यक कार्य है जिसके लिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को लग जाना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने नगरपालिका के सभी 25 वार्डों के पालकों के नाम को तय किया। और कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि कि कार्यकर्ता का उत्साहित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की इकलौती ऐसी पार्टी है जहां पार्टी के अंत में खड़े कार्यकर्ता का भी सम्मान होता है। वह पार्टी के सदस्य भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व में इस उदाहरण को कई बार चरितार्थ भी किया है। कार्यक्रम में नगरपालिका के संयोजक दिनेश पांडे तथा मंडल अध्यक्ष महेश कुमार लोधी ने भी जिम्मेदारों पार्टी द्वारा दिए गए दिशा-निदेर्शों के विषय में बताया। इस मौके पर प्रमुख रूप से बच्चा लाल चौधरी, पप्पू चौधरी, आलोक त्रिपाठी वेद प्रकाश सत्यार्थी, आशीष कुमार बच्चा, उमेश केसरवानी, पंकज शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, अंशुल केसरवानी, दुर्गेश गुप्ता, दुर्गेश त्रिपाठी, लव-कुश मौर्या, मोहित, डॉक्टर अरुण केसरवानी, संदीप केसरवानी, अजय सरोज, गोपी, रामानंद त्रिपाठी, भैरव प्रसाद अग्रहरी, विजय तिवारी, विकास गुप्ता, पप्पू वर्मा, संदीप गुप्ता, फूलचंद सरोज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 542 वाहनों का ई-चालान व 13 वाहन से 9000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 542 वाहनों का ई-चालान व 13 वाहन से 9000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया नामदेव की जयंती में उपस्थित समाज के लोग

# 7 दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन

## समापन अवसर पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा के शांति मैरेज हाल में व्यापारी दिनेश अग्रहरी ने 7 दिन भागवत कथा का आयोजन करवाया जिसमे अयोध्या से पधारे बाल संत अनुराग शरण महाराज के मुखारबिंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया विगत सात दिनों तक भागवत कथा सुनने के लिए नगर पंचायत अझुवा सहित आसपास के भक्त उमड़ते रहे एवम गीत संगीत के माध्यम से बॉल संत अनुराग शरण महाराज भक्तों को प्रभु बखान सुनाते रहे हैं। इन लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय मे व्याप्त अत्याचार व्यभिचार अनाचार कटुता को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए भक्तों को उत्प्रेरित किया सुदामा और कृष्ण लीलाओं का बखान कर उपस्थित भक्तों को भक्ति रस में झुमने पर मजबूर कर दिया।

बॉल संत अनुराग शरण महाराज ने यजमान दिनेश अग्रहरी को परिवार सहित हवन कार्यक्रम सम्पन्न कराया इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन करा कर यजमान दिनेश अग्रहरी ने परिजनों संग आशीर्वाद लिया ततपश्चात हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया बच्चे बूढ़े युवा और महिलाओं ने विशाल भंडारे में शामिल होकर महायज्ञ को सफल बनाया जिसमें सर्प्रथम कांगा भोजन का कार्यक्रम चलाया गया जिसमें क्षेत्र के कांगाओं ने प्रसाद ग्रहण किया तत्पश्चात क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों सहित राजनीतिक सामाजिक और पत्रकारिता जगत के लोगों ने शिरकत कर प्रसाद ग्रहण किया है।।वहीं आयोजक दिनेश अग्रहरी ने बताया रविवार को शांति मैरेज हाल में विरादरी भोज का आयोजन किया जाएगा।

# मजदूरों की मजदूरी पर वन विभाग के अधिकारियों का डाका

## जी तोड़ मेहनत करने के बाद बार-बार मांग करने के बाद वन विभाग में मजदूरों को नहीं मिलती मजदूरी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** वन विभाग में सरकार से मोटा वेतन पाने और लकड़ी माफियाओं से संलिप्तता कर हरे पेड़ कटवाने वाले वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की नैतिकता अब इस कदर गिर चुकी हैं कि गरीब कमजोर 2 जून की रोटी को तरसते वाले मजदूरों की मजदूरी पर भी विभागीय अधिकारी डाका डाल रहे हैं बेशर्मी की हद पार कर देने वाले वन विभाग के लोगों के कारनामों के चलते मजदूरों के सामने 2 जून की रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है बीते कई वर्षों पूर्व से विभाग में मजदूरों की मजदूरी में डाका डालने का जो यह खेल शुरू हुआ है उस पर रोक लगती नहीं दिख रही है बीते वर्ष शिकायत के बाद जिला अधिकारी ने वन विभाग को जमकर फटकार लगाई थी जिस पर कुछ मजदूरों की मजदूरी का भुगतान कर विभाग ने शिकायती पत्र का निस्तारण कर दिया लेकिन तमाम मजदूरों की मजदूरी का बकाया भुगतान उन्हें अभी तक नहीं मिल सका है

डीएम से शिकायत करने के बाद भी मजदूरों की मजदूरी पर डाका डालने की प्रथा वन विभाग में नहीं बंद हो सकी है वन विभाग के पौधशाला में मजदूरी करने वाले मजदूरों को कई कई महीने बीत जाने के बाद उनकी मजदूरी नहीं दी जाती है तमाम मजदूरों से काम कराए जाने के बाद उपस्थिति रजिस्टर में उनका नाम नहीं दर्ज किया जाता है बल्कि विभाग के कर्मचारियों के रिश्तेदारों का नाम फर्जी तरीके से मजदूरों के रजिस्टर में दर्ज कर रिश्तेदारों को मजदूरों की मजदूरी का भुगतान कर दिया जाता है और बाद में इन रिश्तेदारों से हिस्सा वसूली हो जाती है सबकुछ बेखौफ तरीके से प्रभागीय वनाधिकारी के संज्ञान में होने के बाद भी मजदूरों की मजदूरी पर डाका डालने वाले लोगों पर कठोर कार्यवाही नहीं हो सकी है मंझनपुर रेंज क्षेत्र के कोरीं मंगरोहनी गांव की पौधशाला में मजदूरी करने वाले मजदूर कल्पतिया संतुल कैलाशी शोभा केस पति रामरति संगीता सहित दर्जनों मजदूरों ने पौधशाला में निराई गुड़ाई मजदूरी की है लेकिन मजदूरों को तीन-तीन महीने की मजदूरी नहीं दी गई है मजदूरी करने के बाद उपस्थिति नहीं दर्ज है इन मजदूरों ने मजदूरी किया है तो मजदूरी किसके नाम से दर्ज करने के बाद उनकी मजदूरी का भुगतान किसके बैंक खाते में निकाली गई है यह जांच का विषय है विभाग में मजदूरों की मजदूरी में डाका डालने का यह खेल कोई नया खेल नहीं है इसके पहले भी तमाम मजदूरों के कई-कई महीने की मजदूरी के घोटाले किए जा चुके हैं मजदूर मजदूरी मांगने के लिए विभागीय लोगों का चक्कर लगाते हैं मजदूरों की समस्या सुनने का समय डीएफओ के पास नहीं है डीएफओ की उदासीनता के चलते विभागीय लोग उन मजदूरों की मजदूरी डकार कर मौज कर रहे हैं सूत्रों की मानें तो मजदूरी की रकम में डाका डालने के इस खेल में लाखों रुपए महीने की हेराफेरी विभाग में हो रही है विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों ने रिश्तेदारों की फर्जी उपस्थिति दर्ज करके उनके बैंक खातों में गरीब मजदूरों की रकम भेजकर रिश्तेदारों से रकम वापस ले ली है वन विभाग में मजदूरों की मजदूरी में डाका डालने के इस खेल में यदि शासन स्तर से जांच कराई गई तो प्रभागीय वनाधिकारी के साथ रेंजर मंझनपुर की भूमिका सवालों के घेरे में होगी लेकिन क्या शासन स्तर से निष्पक्ष जांच होगी और मजदूरों को न्याय मिल पाएगा



# संत शिरोमणि नामदेव की मनाई गई 752 वीं जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय के ओसा स्थित सर्किट हाउस में शुक्रवार को संत शिरोमणि नामदेव महराज की 752 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सदस्य राधेश्याम नामदेव रहे। वहीं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील नामदेव ने किया कार्यक्रम का संचालन सतीश नामदेव ने किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने संत नामदेव की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम में मंझनपुर तहसीलदार भी मौजूद रहे।

बता दें कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिछले तीस सितबंर से 10 अक्टूबर तक नामदेव जयंती मनाई जा रही है। वहीं शुक्रवार को ओसा स्थित सर्किट हाउस में बड़ी भव्यता के साथ संत नामदेव की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राधेश्याम नामदेव ने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव महराज की जीवनी ऐसे संतो से मिलती है जिनके पास दिब्य दृष्टि होती थी। उन्होंने कहा कि संत किसी जाति के नहीं होते हैं, संत का ऐसा कार्य और ऐसा संदेश होता है जो सर्व समाज का कल्याण करता है। उन्होंने बताया कि महराष्ट्र के पंडरपुर गांव में जन्में संत नामदेव महराज के तमाम ऐसे कार्य थे जो लोगों को चकित कर देते थे। एक दिन बाबा नामदेव भोजन को बैठे थे, उस समय एक कुत्ता आ गया, और वह रोटी लेकर जाने लगा, कुत्ते पर जब संत की दृष्टि पड़ी तो वह हाथ में घी का कटोरा लेकर उसके पीछे दौडने लगे कि सूखी मत चुपड़ी ले जाओ, घी भी लेकर जाओ। इसके पीछे संदेश था कि कुत्ते के अंदर भी संत नामदेव को भगवान की छाया नजर आई। इतना ही नहीं एक बार किसी ने संत नामदेव की परीक्षा लिया तो मंदिर का द्वार जिस तरफ वह पूजा कर रहे थे उस तरफ बदल गया। इस तरह जो संत अपने कार्यों को लेकर संदेश देते हैं उससे कहीं न कहीं समाज के सभी वर्गों को सीख लेनी चाहिए और उनके बताए गए रास्ते पर चलना चहिए। इतना ही नहीं उन्होंने नामदेव दर्जी महासभा संगठन की मजबूती को लेकर भी चर्चा किया।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान हुआ सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 7 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2022 तक दस्तक अभियान के तहत संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान संपन्न हुआ । ह्लस्वास्थ्य विभाग व अन्य महकमों के समनव्य से विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान जनपद के सभी गांव व शहरी क्षेत्र के गली मोहल्लों में बृहद स्तर पर चलाया गया है। अभियान के बाद भी संचारी रोगो से बचाव के लिए विभाग अपने स्तर पर हर प्रयत्न कर रहा है उक्त बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ॰ सुष्पेंद्र कुमार ने कही हैं जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि ह्लअभियान के सम्पन्न होने के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिशा-निर्देशन में जिला मलेरिया विभाग अन्य विभागों के समन्वय से संचारी रोगों से लड़ने के लिए प्रयासरत है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और टीकाकरण के लिए संचालित दस्तक अभियान में कुपोषित बच्चों की पहचान, टीकाकरण, दस्त रोग, मां के दूध के फायदे, निमोनिया की पहचान, एनआरसी और एसएनसीयू से डिस्चार्ज बच्चों के फॉलोअप संबंधी गतिविधियां कर रहा है। सभी जनपदवासियों से यह निवेदन है की अपने घर के आस पास गंदा पानी इकट्ठा न होने दें, इधर-उधर कूडा-कचरा व गंदगी न फैलायें, खुले मैदान या खेतों में शौच न करें।

# 05 नवम्बर को 78 ग्राम पंचायतों में लगाये जाएंगे कैम्प

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** वित्तीय समावेशन से सशक्तीकरण अभियान के तहत दिनांक 05 नवम्बर 2022 को 78 ग्राम पंचायतों में लगाये जाने वाले कैम्प में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों, सचिव ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधानों एवं बी0सी0सखी के साथ जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में बैठक की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकर्स, बी0डी0ओ0 एवं सचिवों से अभी तक लगाये गये कैम्प के सम्बन्ध में फीडबैक/समस्याओं/सुझावों को प्राप्त करते हुए कहा कि इस कार्य में आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों आदि का भी सहयोग लेकर गॉव में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाय। उन्होने सभी बैंकर्स को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को कैम्प सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए बी0डी0ओ0 एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 05 नवम्बर को 78 ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाये जाने हैं, जिसके तहत सभी वयस्क व्यक्तियों के जन-धन योजना के तहत निःशुल्क बैंक खाता, के0वाई0सी0, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं अटल पेंशन योजना से लाभान्वित करने के साथ ही के0सी0सी0 एवं मुद्रा लोन के आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों, सचिवों एवं ग्राम प्रधानों से कहा कि कैम्प के एक दिन पूर्व ग्राम में प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाय। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पात्र व्यक्ति लाभान्वित हों, कोई भी छूटने न पाये। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।

आगामी 05 नवम्बर को ग्राम पंचायत-बरलहा, कैनी, कानेमई, अलीपुरजीता, अषाढ़ा, मवई, रानीपुर, रामपुर, भटवरिया, गोइंठा, पुरखास, खोपा, ख्वाचकीमई, अलवारा, सिकन्दरपुर बजहा, गौहनीकला, धरमपुर, तियरा जमालपुर, मुस्तफाबाद, रसूलाबाद उर्फ कोइलहा, ऊनौ, कमालपुर, अमवॉ, परास, गौरा तफारिक, बिरनेर, दानियालपुर, सौरई खुर्द, रमसहाईपुर, रेही, उरई अशरफपुर, सोभना, फरीदपुर सुलेम, सिघवल, रैयादेहमाफी, ताजमल्लाहन, निदूरा, धवाड़ा, भगवानपुर बहुंगरा, लहना, बम्भरौली, पाराहसनपुर, बिलासपुर, मलाक भायल, हुसेनमई, उलाचूपुर, काजीपुर जुनैदपुर, भोपतपुर, सचवारा, जुवरा, बरूआ, सहनपुर, शाखा, गरई, हिसामपुर परसखी, शमसाबाद, रामपुर, मण्डूकी, जरैनी, बड़नपुर घाटमपुर, छिमिरछा, रसूलपुर सुकुवारा, बजहा खुर्रमपुर, उरई, सरसवॉ, गौहानी, मढ़ी नेवारी, महेवा, डहिया, श्यामपुर उर्फ मल्हीपुर, बिरौली, इचौली, बारातफारिक, कटरी, पनारा गोपालपुर, कुण्ड्रावी, टेंवा एवं मलाक नागर में कैम्प लगाया जाएगा इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## वीरान पड़े ऐतिहासिक कुटी का सन्त देवेंद्र दास त्यागी महराज ने कराया जीर्णोद्धार

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के काकरा बाद गंगा आश्रम के नाम से विख्यात कुटी सालों से वीरान पड़ी थी जिसके अन्दर प्रभु रामजानकी मन्दिर हैं जिसमें कोई भी पुजारी नही था लेकिन संत देवेंद्र दास त्यागी वैष्णो सम्प्रदाय से दीक्षा ग्रहण करने के बाद वीरान पड़ी राम जानकी मन्दिर में लगभग एक माह से जीर्णोद्धार करा रहे ह उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत ही ऊजार्वान मन्दिर हैं यहाँ पर आने वाले भक्तों की प्रभु श्रीराम व माता जानकी की कृपा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण रूप पूरी होती हैं।

## संपादकीय

# अब पाक में क्या-क्या हो सकता है?

**पाकिस्तान** की राजनीति अब एक तूफानी दौर में प्रवेश कर रही है। इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले ने शहबाज शरीफ की सरकार के खिलाफ उसी तरह का गुस्सा पैदा कर दिया है, जैसा कि 2007 में बेनजीर भुट्टो की हत्या के समय हुआ था। मुझे लगता है कि इस वक्त का गुस्सा उस गुस्से से भी अधिक भयंकर है, क्योंकि उस समय पाकिस्तान में जनरल मुशर्रफ की फौजी सरकार थी लेकिन इस वक्त सरकार मुस्लिम लीग (नवाज) के नेता शहबाज शरीफ की है। इमरान ने शहबाज शरीफ, उनके गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह और आईएसआई के उच्चाधिकारी फैजल नसीर पर इस षड़यंत्र का इल्जाम लगाया है। शहबाज के गृहमंत्री और उनके कई पार्टी नेताओं ने इमरान को बलूचिस्तान की मिर्ची जेल में डालने का इरादा जताया था और इमरान तथा उनकी पार्टी के नेताओं ने यह आशंका भी व्यक्त की थी कि इस रैली के दौरान इमरान की हत्या भी हो सकती है। हत्या की इस नाकाम कोशिश का नतीजा यह हुआ है कि पाकिस्तान के शहरों और गांव-गांव में सरकार के विरुद्ध लोग सड़कों पर उतर आए हैं और यह असंभव नहीं कि पाकिस्तान में लगभग गृह युद्ध की स्थिति बन जाए और मौत की खबरें और आने लगें। शहबाज सरकार की सिर्फ भर्त्सना ही नहीं हो रही है, लोग खुलेआम पाकिस्तान की फौज को भी कोस रहे हैं। यह पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार हो रहा है। यूं भी इमरान के सवाल पर पाकिस्तान की फौज भी दोफाड़ हो गई है। ऊंचे अफसर जनरल कमर बाजवा की हां में हां मिला रहे हैं और शेष अफसर व जवान इमरान का पक्ष ले रहे हैं। यदि फौज इमरान और शहबाज के बीच वैसा ही समझौता नहीं करवा सकी, जैसा कि 1993 में राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान और तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बीच सेनापति जनरल वहीद कक्कड़ ने करवाया था और तुरंत चुनाव नहीं हुए तो हो सकता है कि पाकिस्तान की राजनीति से फौज का वर्चस्व सदा के लिए खत्म हो जाए। यदि ऐसा हो गया तो भारत और पाकिस्तान के संबंधों को मधुर होने में जरा भी देर नहीं लगेगी। मुझे तो आश्चर्य है कि भारत सरकार अब तक चुप क्यों है? उसने इमरान पर हुए हमले की तत्काल भर्त्सना क्यों नहीं की? अमेरिका, चीन, तुर्की, सउदी अरब तथा अन्य दर्जनों देशों के शीर्ष नेताओं ने परसों शाम को ही बयान जारी कर दिए थे।

# व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय चरित्र निर्माण

**संजीव ठाकुर**

**चरित्र** अथवा सच्चरित्रता को यदि हम परिभाषित करें, तो अच्छे आचरण, चाल चलन, स्वभाव, गुणधर्म, आदि इत्यादि को चरित्र तथा सचरित्रता का तात्पर्य अच्छा चाल चलन, अच्छा स्वभाव, अच्छे व्यवहार से है। मनुष्य समाज के बीच रहने वाला दोपाया है। अतः समाज के मध्य ऐसे गुणों का होना आवश्यक है, जिनके द्वारा व समाज में शांति पूर्वक रहते हुए देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। मनुष्य के खराब आचरण से समाज का वातावरण भी प्रदूषित, खराब होता है। दूसरी तरफ अच्छे राष्ट्रीय चरित्र फलादेश हमेशा प्रगति के पथ पर चलकर एक महान राष्ट्र की संज्ञा पाता है। काम, क्रोध,लोभ, मोह, संताप, निर्दयता और ऐसे अवगुण मनुष्य के सामाजिक जीवन में अशांति उत्पन्न करते हैं। ऐसा व्यक्ति सदैव दुराचारी ही माना जाता है जो अच्छे आचरण या अच्छे चरित्र का ना हो। दूसरी ओर इसके जरा विपरीत निष्ठा, ईमानदारी, लगन शीलता, संयम तथा परोपकार इत्यादि पालन करने वाला मनुष्य चरित्रवान और सच्चरित्र वाला कहलाता है। इसके अलावा उदारता, विनम्रता,सहिष्णुता, सत्यभाषण किसी राष्ट्र को चरित्रवान बनाता है। हमारे देश के महान नेता बापू महात्मा गांधी ने कूटनीति की चमक को बड़ा नहीं समझा,बुद्धि विकास को बड़ा नहीं समझा, चरित्रिक बल को ही मान दिया है। आज हमें अधिक से अधिक इस बात पर विचार करना है कि चरित्र बल केवल एक व्यक्ति का नहीं समूचे देश का होना चाहिए। राष्ट्रीय चरित्र को अत्यधिक महत्व देने वाली पंक्तियां मूर्धन्य आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई पंक्तियां से हम सब भली भली भांति परिचित हैं,उसका हिंदी भावार्थ है, यदि धन गया तो कुछ भी नहीं गया, यदि स्वास्थ्य गया तो थोड़ा गया, और यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। उनके इस कथन से चरित्र का महत्व स्पष्ट परिलक्षित होता है। कर्म मानव की अभिव्यक्ति है, वैसे ही जीवन चरित्र की अभिव्यक्ति है। हारवर्ट स्पेंसर ने कहा कि किसी मनुष्य राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा नहीं चरित्र है, और यही सबसे बड़ा उसका रक्षक है। चरित्रवान व्यक्ति ही अच्छा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कर सकता है। और अच्छा राष्ट्रीय चरित्र एक महान देश को जन्म देता है। जिसमें विश्व में शांति, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की भावना को बल मिलता है। चरित्रवान नेता पूरे देश को अच्छे से नेतृत्व देकर सही विकास और शिक्षा की ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। चरित्रहीन नेता देश को रसातल की ओर ले जाने में नहीं चूकता है। इसीलिए हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम देश के प्रतिनिधि के रूप में चरित्रवान नेताओं का ही चुनाव करें। राजनीति एक कठिन डगर है, जहां की पगडंडी बल खाकर आगे बढ़ती है। और इस प्रयास में हमें समाज में सदाचार को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। भ्रष्टाचार कदाचार की संभावनाओं को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए, और इस प्रयास में हमें बच्चों को प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए।

# दशमलव पद्धति दुनिया के लिए भारत का उपहार

**हृदय नारायण दीक्षित**

**भारत** में गणित का विकास वैदिककाल में ही हो रहा था। ऋग्वेद में इसके साक्ष्य हैं। लेकिन अंग्रेजी सत्ता के प्रभाव व अन्य कारणों से कुछ विद्वानों का मत भिन्न है कि प्राचीनकाल में भारतवासियों को शून्य की जानकारी नहीं थी। शून्य गणित का मुख्य अंक है। 'एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका' में कहा गया है कि शून्य के अंक का अविष्कार संभवतः हिन्दुओं ने किया था। शून्य और शून्य के स्थानगत मूल्य की जानकारी भी वैदिककाल में थी। 1 से 10 अंकों के प्रतीक "अधिकतर भारत में उत्पन्न हुए। अरबों ने उनका व्यापक प्रयोग किया। उन्हें हिन्दू अरेबिक अंक कहा जाता है।" (वही) दशमलव पद्धति दुनिया के लिए भारत का उपहार है। डॉ. रामविलास शर्मा ने 'भारतीय नवजागरण और यूरोप' (पृष्ठ 333) में लिखा है, "शून्य का अविष्कार, स्थान के अनुसार शून्य के प्रयोग द्वारा अंक की मूल्य वृद्धि भारतीय प्रतिभा का चमत्कार है।" गणित विज्ञान का आधार है। ज्योतिर्विज्ञान का पूरा तंत्र गणित आधारित है। सामान्य जीवन में भी गणित का उपयोग है। गणित भारत में फली फूली। प्रत्येक भारतवासी को इसका गर्व होना चाहिए। भारत में गणित के विकास के सम्बंध में एसएन मेन ने लिखा है- "शब्दांक और दशमिक स्थानगत मूल्यव्यवस्था में उनका व्यवहार एक अन्य अपूर्व भारतीय विकास है। विशाल परिमाण की संख्या सामग्री को पद्यबद्ध गणितीय ग्रंथों में समेट लेने के लिए यह पद्धति निर्मित हुई थी। अंकों से उनके संसर्ग के अनुसार शब्द नाम चुने जाते थे।" ऋग्वेद में गणित न होने अथवा शून्य की जानकारी न होने के तर्क गलत हैं। ऋग्वेद के 'पुरुष' पर ध्यान देना चाहिए। पुरुष सूक्त के प्रारम्भ में पहला शब्द है - सहस्त्र शीर्षा। पुरुष के सहस्त्र सिर हैं। सहस्त्र गणित की संख्या है। अग्नि ऋग्वेद के महत्वपूर्ण देवता हैं। ऋग्वेद (6.2.5) में कहते हैं, "अग्नि का उपासक शतायु होता है।" यहां शत सौ का संख्यावाची है।



ऋषि सौ शरद जीना चाहते हैं - जीवेम शरदं शतम। ऋषियों को गणित का ज्ञान न होता तो सौ या सहस्त्र शब्द कैसे प्रयोग में आते? ऋग्वेद (1.164.48) में काल के लिए कहते हैं- "कालचक्र में 360 खूंटियां हैं।" ये खूंटियां वर्ष के दिन हैं। एक मंत्र (2.18.5) में इन्द्र से स्तुति है- "हे इन्द्र आप बीस और तीस घोड़ों से मेरे पास आइए। चालीस पचास, साठ और सत्तर उत्तम घोड़ों से सोमरस पीने आइए। वैदिक साहित्य में ऐसे अनेक मंत्र हैं। एक मंत्र (10.33.5) में राजा के रथ में तीन घोड़े हैं। ऋषि इस रथ में बैठते हैं। राजा ऋषि को एक सहस्त्र दक्षिणा देता है। यहां तीन और सहस्त्र की संख्या अलग अलग है। ये मंत्र गणित ज्ञान के साक्ष्य हैं। वैदिक पूर्वज गणित का सदुपयोग करते थे। गणित का ज्ञान विद्वानों तक ही सीमित नहीं था। सोम एक वनस्पति हैं। वे इसे कूट पीस कर पेय बनाते थे। ऋषि सोम के दस पात्र तैयार करते हैं। (6.20.4) सोमरस तैयार करते समय भी उनका ध्यान दस की संख्या पर है। वे सोम कूटते समय बट्टा पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। इस बट्टा को वे दस उंगलियों से पकड़ते थे। (10.94.8) उंगलियां दस होती हैं। 5 इन्द्रियां बाहर होती हैं और पांच भीतर। मनुष्य शरीर "दस इन्द्रियों वाला है।" (6.44.24) मित्र वरुण प्रतिष्ठित देवता हैं तो घर भी बड़ा होना चाहिए। इनके "भवन में एक सहस्त्र खम्भें हैं।" (2.41.5) यहां एक सुनिश्चित संख्या का उल्लेख है। ऐसे अनेक मंत्रों में गणना के लिए संख्यावाची शब्द हैं। शून्य महत्वपूर्ण है। आगे वाली संख्या किसी संख्या में शून्य जोड़ने से मिल जाती थी। एक में शून्य बढ़ाने से दस। दस में शून्य बढ़ाने से सौ। सौ में शून्य बढ़ने से सहस्त्र फिर शून्य बढ़ने से 10 सहस्त्र, नियुक्त एक लाख, प्रयुक्त 10 लाख के लिए प्रचलित थे। 4 की संख्या महत्वपूर्ण है। ऋग्वेद(7.35.8) में शांति मंत्र में कहते हैं- "सूर्य, समुद्र, जल, पर्वत शांति दें, चारों दिशाएं शांति दें।" दिशाएं पहले 4 ही थी। चार को महत्वपूर्ण बताने वाले मंत्र मजेदार हैं - "उर्वशी ने पुरुरवा के साथ चार वर्ष बिताए। (10.95.16) इन्द्र से ऋषि की 4 प्रार्थनाएं हैं। (8.60.9) इन्द्र का वज्र चार धाराओं वाला है। (4.22.2) वाणी के 4 स्थान हैं। (1.164.45) "चार की संख्या का उल्लेख महत्वपूर्ण है और ऋग्वेद के कई प्रसंगों में है। दस की संख्या महत्वपूर्ण थी। दिशाएं पहले चार थीं - सामने, पीछे, दाएं और बाएं। बाद में दिशाएं 10 हो गईं। दस दिशाओं का ध्यान उपासना का हिस्सा है। दस की संख्या का महत्व रामायण में भी है। श्रीराम के पिता राजा दशरथ थे। लंका के राजा रावण दशानन थे। ऋग्वेद में दाशराज्ञ युद्ध का उल्लेख है ही। छह की संख्या का प्रयोग कई बार हुआ है, अश्विनी देवों ने छह घोड़ों वाले रथ का प्रयोग किया (1.116.4) प्रजापति का आधा हिस्सा द्युलोक में है। उसके रथ में सात चक्र हैं, प्रत्येक चक्र में 6 अंश हैं। (1.164.12)" ऋग्वेद के ऋषि देवस्तुति करते हैं। मंत्र द्रष्टा हैं।

दस दिशाओं का ध्यान उपासना का हिस्सा है। दस की संख्या का महत्व रामायण में भी है। श्रीराम के पिता राजा दशरथ थे। लंका के राजा रावण दशानन थे। ऋग्वेद में दाशराज्ञ युद्ध का उल्लेख है ही। छह की संख्या का प्रयोग कई बार हुआ है, अश्विनी देवों ने छह घोड़ों वाले रथ का प्रयोग किया

उन्हें सृजन का पुरस्कार मिलता है। एक मंत्र (8.68.14) में ऋषि के पास 6 दानदाता आते हैं।" ऋतुऐं भी 6 हैं। वैसे तीन लोकों की चर्चा ज्यादा है मगर ऋग्वेद (1.164.6) में छह लोक हैं। भारत में तमाम दर्शनों का विकास हुआ लेकिन इनकी मान्य संख्या षट दर्शन कही जाती है। योग विज्ञान में मनुष्य में छह चक्र - षट चक्र हैं। जान पड़ता है कि कुछ उपासकों के पास धनाभाव था। स्तुति है कि- "छह देवियां उसे धन दें। (10.128.5) ऋषि छह की संख्या व 10 की संख्या से सुपरिचित हैं। वे शून्य बढ़ाकर प्राप्त होने की संख्या का प्रयोग करते हैं। यूनानी दार्शनिक पाइथागोरस के दर्शन में अंकों का विशेष महत्व है। वे भारत से प्रभावित थे। पुनर्जन्म मानते थे। भारत के विद्यालयों में उनका प्रमेय पढ़ाया जाता है - "किसी त्रिभुज के तीनों अंतः कोणों का योग दो समकोण के बराबर होता है।" भारत ने त्रिकोणमिति का विकास किया। उसे आधुनिक रूप दिया था और बीजगणित कच भी। भारतीय कालगणना में समय की छोटी से छोटी इकाई भी स्पष्ट है। परमतत्व के सम्बंध में उपनिषद् के ऋषियों का विचार है- "वह अणु से भी छोटा है, महत से भी बड़ा है।" प्रश्नोपनिषद् में 6 जिज्ञासुओं के 6 प्रश्न हैं। वृहदारण्यक उपनिषद् में संख्या का अतिक्रमण है, मंत्र (5.1) शुरू होता है "वह पूर्ण है, यह पूर्ण है। यह पूर्ण उस पूर्ण की अभिव्यक्ति है। पूर्ण से पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है।" भारत की अनुभूति में पूर्ण सदा पूर्ण रहता है।" यहां गणित का सौंदर्य है। गीता (8.17) में ब्रह्मा के एक दिन में 1000 युग हैं और युग इसी संख्या वाली रात्रि।" ब्रह्मा के दिन में चार युगों वाले एक हजार चक्र होते हैं। सतयुग 1728000 वर्ष, त्रेता 1296000 वर्ष, द्वापर 864000 वर्ष और कलियुग 432000 वर्ष का होता है। 9 या 9 से किसी भी संख्या का गुणनफल प्राप्त संख्या के अंकों का योग 9 ही होता है। महाभारत में 18 पर्व हैं। 1 और 8 का जोड़ 9।

# गूगल के भीमकाय इरादों पर कानूनी शिकंजा

**डॉ. अजीत रानाडे**

**यह** एक विशालकाय कंपनी है जिसे उसके ज्यादातर उपयोगकर्ता चाहते हैं तथा जिसकी अमेजॅन तथा फेसबुक जैसे अन्य तकनीकी दिग्गजों की तुलना में अधिक प्रतिष्ठा है, लेकिन इसकी विशालता व सर्वव्यापकता ही परेशान होने का सबब बन रही है। चूंकि यह इंटरनेट पर हम जो कुछ भी करते हैं वह लगभग सर्वव्यापी है इसलिए अब यह नियामकों की नजर में है।

यदि आप इंटरनेट का उपयोग करते हैं तो आप गूगल का उपयोग किए बिना नहीं रह सकते हैं। यह इंटरनेट की ऑक्सीजन है। वास्तव में यह एक कंपनी का नाम है लेकिन अब यह अंग्रेजी भाषा में एक क्रिया बन गया है और कई अन्य भाषाओं में इसे यही दर्जा हासिल हो गया है। इसके प्रत्येक इंटरनेट उत्पाद के लिए कम से कम एक बिलियन उपयोगकर्ता हैं, जैसे खोज (सर्च), ईमेल, वीडियो भंडार, स्टोरेज, मोबाइल फोन के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम, मानचित्र और नेविगेशन और हाल ही में भुगतान की सुविधा; और ये सभी सुविधाएं पूरी तरह से मुफ्त हैं। केवल स्टोरेज बढ़ने पर आपको नाममात्र राशि का भुगतान करना होगा। यह एक ऐसी कंपनी है जो स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में दो स्नातक छात्रों के शोध से उत्पन्न हुई है। यह मूल रूप से एक खोज और अनुक्रमण सेवा (सर्च एंड इन्डेक्सिंग सर्विस) है जो बेहद कुशल है। इंटरनेट पर गूगल के 50 अरब से अधिक पृष्ठों की सूची है और अभी भी तेजी से बढ़ रही है। दुनिया के कई देशों में 90 या 95 फीसदी से ज्यादा लोग सर्च गूगल का इस्तेमाल करते हैं। दुनिया भर में हर मिनट 2.5 मिलियन से अधिक सर्च होते हैं और उन खोजों के परिणाम तुरंत प्राप्त होते हैं और ये सब बिलकुल मुफ्त हैं। लोग इन सर्च पर भरोसा करते हैं और उनके आधार पर अपने निर्णय लेते हैं। गूगल का आदर्श वाक्य है- 'बुराई मत बनो'। यह उनके सिद्धांतों में से एक है। वास्तव में इसके पहले स्टॉक प्रस्ताव (आईपीओ) के प्रॉस्पेक्टस में इसे उल्लेखित किया गया है। इससे कंपनी का मतलब था कि वह कभी भी अपने उपयोगकताओं के विश्वास को धोखा नहीं देगी। यह केवल अनुरूप सर्च परिणाम दिखाएगा, पॉप-अप विज्ञापनों के साथ उपयोगकताओं को कभी परेशान नहीं करेगा तथा यह कभी भी सर्च के परिणामों को नहीं बेचेगा। यह कभी भी गूगल का इस्तेमाल करने वाले लोगों के भरोसे को तोड़कर पैसा नहीं कमाएगा। यह एक ऐसी कंपनी है जिसकी कीमत आज 1.5 ट्रिलियन डॉलर है और जो दुनिया की शीर्ष पांच कंपनियों में शामिल है। सोचने वाली बात यह है कि यह कंपनी सिर्फ 'अठारह साल पहले शेयर बाजार में लिस्टेड हुई है। यदि उपयोगकर्ता उन्हें मिलने वाली सेवा के लिए भुगतान नहीं कर रहे हैं तो कंपनी हर साल लगभग 185 बिलियन डॉलर का राजस्व कैसे कमाती है? तो जवाब है- विज्ञापन बेचकर। यह अब तक दुनिया की ऑनलाइन विज्ञापन बेचने वाली अग्रणी कंपनी है जो विज्ञापन बिक्री से 150 बिलियन डॉलर उत्पन्न करती है। यह विज्ञापनदाताओं और उनके मध्यस्थों को अपने उपयोगकताओं की 'आंखों' को बेचता है। उपयोगकताओं को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वे विशुद्ध रूप से इस विश्वास के साथ अपनी पसंद से गूगल का मुफ्त उपयोग कर रहे हैं कि उनकी जानकारी विज्ञापनदाताओं को नहीं बेची जाएगी, बेची जाएंगी तो केवल उनकी 'आंखें'। यह एक विशालकाय कंपनी है जिसे उसके ज्यादातर उपयोगकर्ता चाहते हैं तथा जिसकी अमेजॅन तथा फेसबुक जैसे अन्य तकनीकी दिग्गजों की तुलना में अधिक प्रतिष्ठा है, लेकिन इसकी विशालता व सर्वव्यापकता ही परेशान होने का सबब बन रही है। चूंकि यह इंटरनेट पर हम जो कुछ भी करते हैं वह लगभग सर्वव्यापी है इसलिए अब यह नियामकों की नजर में है। यूपीएससी परीक्षा के उम्मीदवार भी गूगल के बिना कुछ नहीं कर सकते। साहित्यकार, लेखक, रचनात्मक कलाकार, यहां तक कि नौकरशाहों का भी काम गूगल के बिना नहीं हो पा रहा है। तो क्या गूगल की सेवा को भी अब पानी तथा बिजली की आपूर्ति को विनियमित करने की तरह एक उपयोगिता की तरह विनियमित किया जाना चाहिए? चूंकि कई देशों में अन्य उपयोगिताओं की तरह इंटरनेट तक पहुंच को नागरिकों के अधिकार तक बढ़ा दिया गया है तो क्या गूगल सर्च को भी पीने के पानी तक पहुंच के समान विनियमित करने की आवश्यकता है? गूगल से जनकल्याण प्रभावित होता है। इसे भेदभाव रहित रहना चाहिए और इस मुद्दे से किसी को भी बाहर नहीं रखा जाना चाहिए। गूगल की उपयोगिता पहलू के अलावा नीति निमार्ताओं को जो दूसरी चीज परेशान करती है वह है इसका विशाल आकार। यह प्रभुत्व के दुरुपयोग का कारण बन सकता है और ऐसा आचरण जो भले ही प्रतिस्पर्धा का गला न घोंटे लेकिन उसे आगे बढ़ने से रोकता है। भले ही कंपनी का आदर्श वाक्य 'बुराई मत बनो' है, पर क्या कंपनी एकाधिकार प्रथाओं को अपना रही है? विक्रेताओं का हाथ मरोड़कर या प्रतिस्पर्धियों को पनपने नहीं दे रही है? ऐसी शिकायतें अब सतह पर आ रही हैं। इनमें से कई शिकायतें 'प्रभुत्व के दुरुपयोग' के अंतर्गत आती हैं या जिन्हें अमेरिकी कानून में एंटी-ट्रस्ट उल्लंघन (एकाधिकारी व्यापार विरोधी)कहा जाता है। इसमें मूल्य निर्धारण, प्रतिबंध, मूल्य भेदभाव और एकाधिकार जैसे तरीके अपना कर प्रतिस्पर्धी कंपनियों को बढ़ने से रोका जाता है। 2018 में यूरोपीय संघ के प्रतिस्पर्धा नियामक ने गूगल को एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम के अपने बड़े बाजार हिस्सेदारी का दुरुपयोग करने, फोन निमार्ताओं पर क्रोम को डिफॉल्ट ब्राउजर के रूप में उपयोग करने के लिए मजबूर करने और अन्य ब्राउजरों से प्रतिस्पर्धा को रद्द करने का दोषी पाया। यह फोन निमार्ताओं को अन्य गूगल एप्स शामिल करने के लिए भी मजबूर करता है जिससे प्रतियोगियों को नुकसान होता है। इसे यूरोपीय संघ के प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन माना गया था और गूगल पर 4.34 बिलियन यूरो का जुमार्ना लगाया गया था। यह उस समय तक गूगल पर लगाया गया सबसे बड़ा आर्थिक दंड था। (तकनीकी रूप से यह अल्फाबेट नामक कंपनी पर था जो गूगल की ही कंपनी थी जिसे 2015 में पुनर्गठन के बाद बनाया गया था)। कंपनी ने 2018 के फैसले के खिलाफ अपील की तथा चार साल बाद सामान्य अदालत में हार गई है।कंपनी अब यूरोपीय संघ में शीर्ष अदालत में अपील कर सकती है लेकिन इसकी संभावना कम ही दिखती है क्योंकि अपीलीय अदालत ने जुमार्ने को बरकरार रखा है। गूगल का कहना है कि एंड्रॉइड फ्री है और यूजर्स के पास फोन मेकर्स के साथ-साथ सर्विस प्रोवाइडर्स के चयन का विकल्प भी उपलब्ध है। अगर वे नहीं चाहते हैं तो एप्स को अनइंस्टॉल भी कर सकते हैं।

# औरतों की आजादी के आंदोलन

**संदीप पाण्डेय**

**सवाल** उठता है कि महिला-पुरुष रिश्ते में बराबरी का भाव कैसे आए? इसके दो तरीके हैं। एक तो महिला खुद जागरूक हो, अपने अधिकार समझे व पुरुषों द्वारा किए जा रहे शोषण, भेदभाव या अत्याचार के खिलाफ खुलकर बोले व कार्यवाही करे जिससे पुरुष के ऊपर अंकुश लगे। हमने देखा है कि सिर्फ कानून महिलाओं के पक्ष में बन जाने से महिलाओं के खिलाफ होने वाली यौन हिंसा की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। औरत, जिंदगी, आजादी' - यह नारा ईरान की औरतें वहां जारी ऐतिहासिक 'हिजाब विरोधी आंदोलन' में लगा रही हैं। वहां की सत्ता किसी भी कीमत पर आंदोलन को कुचल देना चाहती है और सैकड़ों औरतों की जानें पुलिस दमन में जा चुकी है। कुछ पुरुष, जो वैसे तो धार्मिक कट्टर-पंथियों के खिलाफ हैं, लेकिन पितृसत्ता के खिलाफ नहीं हैं, आंदोलन का साथ इसलिए नहीं दे रहे क्योंकि उनका मानना है कि यह हिजाब के बहाने सत्ता परिवर्तन का आंदोलन है। जाहिर है, कुछ महिलाएं भी पितृसत्तात्मक सोच से प्रभावित होंगी और आंदोलन का साथ नहीं दे रही होंगी। 'औरत, जिंदगी, आजादी' का नारा बिलकिस बानो पर भी एकदम सटीक बैठता है। बिलकिस बानो एक औरत है और वह अपनी जिंदगी को बचाने व आजादी से जीने के लिए लड़ रही है। जिस तरह ईरान का समाज वहां की औरतों को सुरक्षित जीने नहीं दे रहा, उसी तरह भारत में बिलकिस बानो को सुरक्षित जीने नहीं दिया जा रहा।

गुजरात के आसन्न चुनाव में बिलकिस बानो की चर्चा गायब है। 'भारतीय जनता पार्टी' ने तो बिलकिस बानो के ग्यारह बलात्कारियों व उसके परिवार के सदस्यों के हत्यारों को रिहा करवा कर चुनाव में पूरा फायदा उठाने का दांव खेला है। किंतु विपक्षी दल - मुख्यतः कांग्रेस व 'आम आदमी पार्टी' - इस मुद्दे पर भाजपा की करतूत का विरोध करने से घबरा रहे हैं कि कहीं बिलकिस बानो का समर्थन करने पर उन्हें मुस्लिम-परस्त व हिन्दू-विरोधी न मान लिया जाए। जबकि जो बिलकिस बानो के साथ हुआ वह उसके मुस्लिम होने के कारण कम, औरत होने के नाते ज्यादा है। बिलकिस बानो तो गोधरा में रेल के डिब्बों के जलाए जाने की प्रतिक्रिया में हुई हिंसा के बीच फंस गई। उसके साथ जो हुआ वह हरेक महिला के साथ, कुछ कम, कुछ ज्यादा, घर के अंदर, घर के बाहर घटता ही है। औरत इस पितृसत्तात्मक समाज में दोयम दर्जे की जिंदगी जीने के लिए अभिशप्त है। ऐसा माना जाता है कि दुनिया में जितने किस्म की गैर-बराबरियां हैं उनमें सबसे आखिरी में औरत-मर्द की गैर-बराबरी को खत्म करने के प्रयास होंगे। डॉ. राममनोहर लोहिया ने भी अपनी 'सप्त क्रांति' में नर-नारी समता को सबसे अहम मानते हुए पहला बिंदु उसे ही बनाया है अक्सर औरत के शोषण और उसके खिलाफ अत्याचार के लिए भी वह खुद ही जिम्मेदार ठहरा दी जाती है। शोषण व अत्याचार करने वाले पर इतने सवाल खड़े नहीं किए जाते।

औरत का सही दर्जा शादीशुदा होना ही माना जाता है। जो औरतें शादीशुदा न हों उनके बारे में अन्य औरतें ही तरह-तरह की टिप्पणियां करने लगती हैं, जबकि दक्षिण भारत के प्रसिद्ध समाज सुधारक ई.वी.पेरियार रामासामी कह चुके हैं कि यदि महिला को वाकई में मुक्त होना है तो विवाह नामक संस्था को भंग करना होगा। कई दफा औरत पितृसत्तात्मक व्यवस्था का इस कदर अंग बन चुकी होती है कि अपना शोषण करने वाले के प्रति भी कृतज्ञता या सम्मान का भाव ही रखती है। उसे लगता है कि वह किसी की सम्पत्ति है। बिना पुरुष के उसे अपना अस्तित्व ही समझ में नहीं आता। यह सोच समाज में बड़े गहरे बैठी हुई है और इससे लड़ना आसान नहीं। बिलकिस बानो के साथ जो हुआ वह तो इस सोच की अति थी। उसे तार्किक दिमाग से नहीं समझा जा सकता और न ही अब जो अपराधियों के साथ नरमी बरती जा रही है उसे तार्किक दिमाग से समझा जा सकता है। यही समाज है जो निर्भया के मामले में सड़क पर उतर आया था, दोषियों को फांसी की सजा की मांग कर रहा था।

## नेतन्याहू की सत्ता में वापसी

**पुष्परंजन**

**इस** बार इजराइल के आम चुनाव में सबसे बड़ा नुकसान महिला प्रतिनिधियों को हुआ है। 65 सीटों की गठबंधन सरकार में महिला सांसद केवल 12. 31 फीसद होंगी, यह वहां के सभ्य से दिखने वाले समाज पर सवाल करता है। केवल आठ महिला सांसद सत्ता पक्ष में, जिनमें लीकुड पार्टी की पांच और बाकी तीन रिलीजियस जियोनिजम (त्कुमा से प्रख्यात) पार्टी की महिलाएं हैं। अंधविश्वास पूर्णतः अनुमान आधारित होता है। बरसों से प्रधानमंत्री मोदी के गले लगने की अदा पर एक घारणा बन गई थी, कि वो जिसके गले लगते हैं, उसकी सत्ता चली जाती है, या फिर वो बैकुंठ धाम पहुंच जाता है। ट्रंप से लेकर शिंजो आबे तक तमाम नाम उस सूची में रहे हैं। जब ये खबर आई कि इजराइली चुनाव में बीबी निक नेम से मशहूर बेंजामिन नेतन्याहू जीत रहे हैं, तो सबसे पहले यही बात समझ में आई कि अंधविश्वास की आयु लंबी नहीं होती है। मगर, उसके पलटवार में मोदी के शैदाई कहने लगे हैं कि नेतन्याहू की सत्ता में वापसी हुई है, तो ट्रंप भी भारी बहुमत से लौटेंगे। इस परिणाम से सबसे अधिक कोई प्रफुल्लित है, तो वह हैं प्रधानमंत्री मोदी। मोदी और बीबी की जोड़ी विश्वविख्यात रही है। 2 जून 2021 में जब इजराइल में आम चुनाव हो रहा था, बेंजामिन नेतन्याहू ने अहद किया था कि जीतते ही भारत का दौरा करूंगा। यह अरमान उन दिनों परवान नहीं चढ़ पाया था। यों, 14 जनवरी 2018 को छह दिनों की यात्रा पर नेतन्याहू दिल्ली आये थे। 2003 के बाद किसी इजराइली प्रधानमंत्री की यह पहली भारत यात्रा थी।

# संकुल खोह प्रतियोगिता में 26 स्कूलों के बच्चों ने दिखाये जौहर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खोह संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 26 विद्यालयों के 450 बच्चों ने अपने जौहर दिखाये। विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे व समापन राजकीय बालिका इंटर कालेज राजापुर की प्रधानाचार्य मनोरमा जैन ने विशिष्ट अतिथि के बतौर मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में किया।



शनिवार को संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे व नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने दीप जलाने के बाद हरीझण्डी दिखाते हुए कहा कि खेलकूद का जीवन में बडा महत्व है। खेल प्रतिभा के दम पर बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। खेलकूद से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिता कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद, लम्बी कूद, डिस्कस थ्रो, दौड में अपने हुनर का जलवा बिखेरा।

जूनियर वर्ग गोला फेंक में अनिल कालूपुर प्रथम, अखिलेश खोह द्वितीय, कृष्णा बनाडी तृतीय रहे। कबड्डी में कालूपुर टीम विजेता, गढीवा उपविजेता, प्राइमरी कबड्डी में धोबिनपुरवा विजेता, खोह उपविजेता, खो-खो में भी धोबिनपुरवा विजेता, कुम्भाहरन पुरवा उपविजेता रही। प्रतियोगिता में समाजसेवी रामबाबू गुप्ता, संकुल के नोडल शिक्षक इन्द्रेश श्रीवास्तव, अभिषेक केशरवानी, जगजीत तोमर, विद्यासागर, चन्द्रप्रकाश तिवारी, प्रधानाध्यापक कुबेर सिंह, रामबहादुर सिंह, अतीक अहमद, महेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, अशफीर्लाल मिनी, राजेन्द्र शर्मा, भावना जैन, नमोनारायण सिंह, सुनील सिंह समेत दर्जनों शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे। संचालन संकुल शिक्षक इन्द्रेश श्रीवास्तव ने किया।

# जीवन बहुमूल्य है, जल्दबाजी से न चलायें वाहन: सीओ सिटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यातायात माह नवम्बर में पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर यातायात पुलिस क्षेत्राधिकारी एसपी सोनकर व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अध्यक्षता में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने यातायात जागरूकता गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने हेमलेट व सीटबेल्ट की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

शनिवार को जेएम बालिका इंटर कालेज कर्वी में हुई गोष्ठी में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि स्कूली वाहनों में फायर सिलेंडर एवं फस्ट एड बाक्स होना जरूरी है।

विद्यार्थियों से कहा कि वाहन से





आते-जाते समय खिडकी से कोई भी अंग बाहर न निकालें। परिवहन विभाग के पीटीओ संतोषी तिवारी ने कहा कि 18 से 35 वर्ष के लोगों के हादसे ज्यादा होते हैं। ये लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन, हेडफोन का प्रयोग न करें, तेज गति से वाहन न चलायें। कोई हादसा होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें अथवा घायल को नजदीकी अस्पताल पर पहुंचायें। मदद करने वाले को परिवहन विभाग पांच हजार रुपये की धनराशि बतौर ईनाम देता है। सीओ यातायात एसपी सोनकर ने कहा कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलायें। 18 वर्ष पूरे होने पर ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवायें। छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन की जानकारी दी।

सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने कहा कि जीवन बहुमूल्य है। जल्दबाजी में वाहन तेजगति से न चलायें। नियमों के बारे में खुद पालन कर लोगों को जागरूक करें। गोष्ठी के बाद छात्राओं के बीच भाषण, यातायात श्लोगन प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय को सीओ सिटी ने पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। गोष्ठी का संचालन पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने किया। गोष्ठी में जेएम बालिका इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अभिमन्यु सिंह, आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप श्रीवास्तव व छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** घरेलू गैस सिलेंडर से जिला मुख्यालय स्थित यूनियन बैंक के बाहर गुमटी में चाय की दुकान खोले हरीनारायण गुप्ता की दुकान में सिलेंडर फटने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

ये हादसा शनिवार को शाम साढे चार बजे यूनियन बैंक के बाहर गुमटी में हुआ। बताया गया कि यूनियन बैंक के बाहर गुमटी में चाय की दुकान खोले हरीनारायण गुप्ता घरेलू गैस सिलेंडर से चाय बनाकर बेंचने



का काम काफी दिनों से कर रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाकर सिलेंडर को ठंडा किया।

गैंस सिलेंडर में लगी आग से कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन काफी देर तक दहशत का माहौल बना रहा। जिला प्रशासन गुमटी, चाय, चाट ठेले वालों को पहले ही चेतावनी दे चुका है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग न करें। इसके बाद भी लोग घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग से बाज नहीं आ रहे हैं।

# डीएम के तेवर सख्त: तत्काल वरासत न करने पर लेखपाल निलम्बित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आज जो समस्यायें मिली हैं, एक सप्ताह के भीतर शासन की मंशानुसार निस्तारण करायें।

शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, भूमि संबंधी व अन्य मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करायें। शासन की मंशानुसार गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री बार-बार निर्देश दे रहे हैं। तहसील, थाना, ब्लाक स्तर पर समस्या निपट जाये तो जिला मुख्यालय व शासन स्तर पर प्रार्थना पत्र नहीं पहुंच सकते।

उन्होंने मानिकपुर तहसील के सेमरदहा गांव के



अशोक कुमार की शिकायत पिता स्व रामसुन्दर की मृत्यु 21 जनवरी 2022 को होने के बाद भी चकबन्दी लेखपाल वरासत नहीं दर्ज कर रहा है। पैसों की मांग कर रहा है। जिलाधिकारी ने तत्काल शिकायत को संज्ञान में लेकर तत्काल वरासत दर्ज करने व दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश चकबन्दी अधिकारी शैलेन्द्र द्विवेदी को दिया। चकबन्दी अधिकारी की जांच में आवेदक की शिकायत सही मिलने पर मृतक रामसुन्दर के स्थान पर आवेदक अशोक कुमार व भाई योगेश कुमार के पक्ष में वरासत दर्जकर सेमरदहा व खरौंध की खतौनी में अमल दरामद किया गया। विरासत में हीलाहवाली व लापरवाही बरतने वाले लेखपाल इब्तदा हुसैन व माता प्रसाद को जिलाधिकारी के निर्देश पर बन्दोबस्त अधिकारी ने निलम्बित कर दिया। चेताया कि भविष्य में ऐसे मामलों पर कडी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने एसडीएम राजबहादुर से कहा कि तालाब, सडक व अन्य सरकारी भूमि में अवैध कब्जे अभियान चलाकर पुलिस बल के साथ हटायें। इस मौके पर डीएफओ आरके दीक्षित, एडीएम न्यायिक रामजन्म यादव, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी एसके शुक्ला, तहसीलदार राकेश पाठक, ईओ रामअचल कुरील, बीडीओ श्रद्धा पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम व बीएसए लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# डेंगू से बचाव को खोलें अलग वार्ड: कुशल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेसियों ने डेंगू की रोकथाम बाबत राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार कर्वी को सौंपा।

शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि पूरे प्रदेश में डेंगू महामारी फैली है। जिले में भी डेंगू से कई लोगों की जान चली गई है। जिला समेत शहर व गांव-गांव में दवा का छिडकाव कर जिला अस्पताल में डेंगू की रोकथाम को अलग वार्ड बनवाकर लोगों का समुचित इलाज किया जाये, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। पूरे शहर के लोग डेंगू से परेशान हैं। जिला अस्पताल में लोगों को डेंगू का समुचित इलाज नहीं मिल रहा है।

कांग्रेसियों ने मांग उठाई कि जिले में डेंगू पीड़ित रोगों को समुचित इलाज की सुविधा मुहैया कराई जाये। ज्ञापन देने में कांग्रेस नेता नीरु गुप्ता, शिवगुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद, अजीत मिश्रा, चन्द्रशेखर, सविता निषाद आदि शामिल रहे।

# मानिकपुर में निकली गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रा



**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी ने मानिकपुर नगर पंचायत में राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रा निकाली।

शनिवार को मानिकपुर कस्बे में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टैण्ड से रेलवे स्टेशन तक गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रा निकाली गई। यात्रा दौरान आप के कार्यकताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल माडल का उदाहरण देते हुए आम जनता को सुविधायें मुहैया कराने की मांग उठाई।

गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रा में जिला प्रभारी नरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रान्त महासचिव अंकित सिंह पटेल, विधानसभा प्रभारी अविनाशचन्द्र त्रिपाठी, चन्द्रभान पाण्डेय, संतोष त्रिपाठी, श्रीमती रुखसाना बेगम, श्रीमती रेखा देवी, श्रीमती शारदा देवी, अमित श्रीवास्तव, प्रदीप, राजा राजपूत, कालका प्रसाद, घनश्याम, राजू, अंशू गुर्जर, मुन्ना खान, अभिषेक, विक्की सिंह, बबलू यादव आदि मौजूद रहे।

# जिले को मिली 26720 बोरी फास्फेटिक खाद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने बताया कि जिले को डीएपी खाद की 26720 बोरी फास्फेटिक खाद मिल गई है। रबी की फसलों के लिए डीएपी की रैच चार नवम्बर को प्राप्त हुई है। रैच सीधे समितियों में भेजी जा रही है, ताकि किसानों को तत्काल खाद मिल सके।

शनिवार को जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने बताया कि किसानों को रबी की फसलों की बुवाई में फास्फोरस युक्त खाद की जरूरत है। डीएपी की दूसरी रैच आज मिल गई है। 26720 बोरी खाद किसानों को मिलेगी। सभी किसान अपना आधार, मोबाइल नम्बर व खतौनी दिखाकर निर्धारित मूल्य पर खाद लेकर बुवाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी सहकारी समितियों खोही, चकौंध, रामनगर, रैपुरा, ऐंचवारा, पहाडी दक्षिणी व लोहदा में डीएपी खाद पहुंच चुकी है। अन्य समितियों में भी भेजी जा रही है। अधिकृत उर्वरक विक्रेताओं के पास भी डीएपी व अन्य फास्फोरस युक्त खाद उपलब्ध है। किसी को खाद न मिले तो अथवा कोई उर्वरक विक्रेता अधिक दर पर खाद दे रहा है तो कंट्रोल रुम के नम्बर 8423128862 व 7839882701 पर प्रत्येक कार्य दिवस में सवेरे नौ से शाम पांच बजे तक फोन कर किसान समस्या बता सकते हैं।

# राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल्स स्पर्धा की पदक विजेताओं को नहीं मिल रहे स्पॉन्सर और मान्यता

**नई दिल्ली।** तीन महीने पहले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार लॉन बॉल्स में पदक जीतकर सुर्खियां बटोरने वाली खिलाड़ियों को अब अपनी अगली प्रतियोगिता के लिए प्रायोजक की तलाश है। दिल्ली की स्कूल शिक्षिका और पुलिस कांस्टेबल की महिला टीम ने बर्मिंघम के समीप विक्टोरिया पार्क में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद पुरुष टीम ने भी रजत पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों में 1930 में शामिल किए जाने के बाद भारत ने पहली बार इस खेल में पदक जीता। पुरुष फोर टीम के सबसे युवा सदस्य नवनीत सिंह को छह अगस्त को पोडियम पर जगह बनाने के बाद उम्मीद थी कि उनका जीवन बदलेगा लेकिन 'ये सभी' निराश हैं कि फिर वहीं पहुंच गए जहां तीन महीने पहले थे।

भारतीय बॉलिंग महासंघ को इस महीने चैंपियन्स ऑफ चैंपियन्स टूर्नामेंट के लिए दो सदस्यीय टीम को न्यूजीलैंड भेजना था लेकिन वित्तीय संकट के कारण वह पीछे हट गया। भारतीय बॉलिंग महासंघ के कोषाध्यक्ष कृष्ण बीर सिंह राठी ने पीटीआई से कहा, ''प्रति व्यक्ति खर्च सात लाख रुपये आता है और खिलाड़ी आम तौर पर स्वयं पैसे का इंतजाम करते हैं। हमें उम्मीद है कि हमें जल्द ही केंद्र सरकार की मान्यता मिलेगी जिससे कि हमें ट्रेनिंग और



प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कोष के बारे में चिंता नहीं करनी पड़े।'

दिल्ली में 12 साल पहले राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान खेल से जुड़ने वाले 27 साल के नवनीत ने भी निराशा जाहिर की। राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने के लिए विमान उड़ाने की परीक्षा में हिस्सा नहीं लेने वाले दिल्ली के नवनीत ने कहा, ''हमने सोचा था कि चीजें बदलेंगी लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ। हमें सरकार ने जल्द मान्यता मिलने की उम्मीद थी जिससे कि काफी पहले ही अपना प्रतियोगिता कैलेंडर बना पाएं।' नवनीत की टीम के अन्य सदस्यों में 37 साल के खेल शिक्षक चंदन कुमार, झारखंड पुलिस के अधिकारी सुनील बहादुर और दिनेश कुमार शामिल थे। स्वर्ण पदक विजेता महिला टीम में पिंकी, लवली चौबे, रूपा रानी टिर्की और नयनमोनी सेकिया को जगह मिली थी। राठी ने बताया कि वे राष्ट्रमंडल खेलों से पहले ट्रेनिंग शिविर के दौरान खान-पान और रहने की व्यवस्था के लिए भुगतान नहीं कर पाए हैं। बर्मिंघम खेलों से ठीम पहले 10 दिवसीय शिविर के लिए लंदन रवाना होने से पहले टीम के सदस्यों ने दिल्ली में चार महीने के शिविर में हिस्सा लिया था। इस पर कुल खर्च एक करोड़ 32 लाख रुपये आया था। राठी ने कहा, ''हमने सरकार ने इस खर्चे को भी स्वीकृति देने का आग्रह कया है, हम इंतजार कर रहे हैं। हमने पिछले साल मान्यता के लिए आवेदन किया और फाइनल अब भी खेल मंत्रालय के पास है। सरकार की मान्यता से हमारे खेल को जरूरी बढ़ावा मिलेगा।'

# पांच गेंदों का ओवर फेंके जाने पर खड़ा हुआ विवाद, अंपायर्स एक बार फिर निशाने पर

**एडिलेड।** टी20 विश्व कप में अंपायरिंग का स्तर काफी साधारण रहा है। टूर्नामेंट में कई ऐसे मौके आए, जब अंपायर्स के फैसलों पर सवाल उठा हो। ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के मैच के दौरान एक बार फिर अंपायर्स पर सवाल खड़े किए गए, जब अंपायर्स की चूक के चलते एक ओवर में सिर्फ दरअसल, इस मैच के चौथे ओवर में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी के दौरान अफगानिस्तान के गेंदबाज नवीन उल हक ने सिर्फ पांच ही गेंदें फेंकी और अंपायर ने ओवर पूरा घोषित कर दिया। अंपायर ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया की ओवर में एक गेंद कम फेंकी गई है। अंपायर की इस चूक के बाद प्रशंसक अपना गुस्सा सोशल मीडिया के जरिए निकाल रहे हैं और पूछ रहे हैं कि इतने बड़े टूर्नामेंट में इतनी बड़ी चूक कैसे हो सकती है।मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने ग्लेन मैक्सवेल



(54 नाबाद) के जुझारू अर्द्धशतक की बदौलत टी20 विश्व कप 2022 के रोमांचक सुपर-12 मुकाबले में अफगानिस्तान को चार रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप-1 के मैच में अफगानिस्तान को 169 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में अफगानिस्तान 164 रन ही बना सकी। अफगानिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 13 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 98 रन बना लिये थे, लेकिन 14वें ओवर में गुलबदीन नायब (39) के रनआउट होने से अफगान टीम के विकेटों की झड़ी लग गई। अफगानिस्तान ने चार रन के अंदर चार विकेट गंवाए जिसने उनकी जीत की संभावनाओं को मुश्किल बना दिया। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए राशिद खान ने 23 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की बदौलत 48 रन बनाये, लेकिन अपनी टीम को जीत तक नहीं ले जा सके।

ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों में सात अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बरकरार रखी है, हालांकि उनका रन रेट इंग्लैंड से खराब है। पांच पॉइंट के साथ ग्रुप-1 में तीसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड अगर शनिवार को श्रीलंका से अपना मुकाबला जीत लेती है तो गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी।

# मुझे पहली बार टीवी पर देखकर मेरा परिवार रोमांचित था : मीतू शर्मा

**पुणे।** हरियाणा स्टीलर्स के मीतू शर्मा विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 में 9 मैचों में 75 रेड पॉइंट के साथ शीर्ष फॉर्म में हैं। विवो पीकेएल में खेलना हमेशा 20 वर्षीय के लिए एक सपना रहा है और उनका परिवार विशेष रूप से उन्हें टीवी पर एक्शन में देखकर रोमांचित था जब उन्होंने पिछले सीज़न में अपनी शुरुआत की। मीतू ने कहा, मेरा परिवार टीवी पर मेरे मैच देखता है। जब उन्होंने मुझे पहली बार टीवी पर खेलते देखा तो बहुत रोमांचित थे। हरियाणा में मेरे गांव (नौल्था) में बहुत सारे युवा हैं, जो इस समय कबड्डी खिलाड़ी के रुप में उभर रहे हैं। मेरे गांव के लोग अपने बीच के एक एक व्यक्ति को वीवो प्रो कबड्डी लीग में खेलते हुए देखकर खुश हैं।

रेडर ने यह भी बताया कि विवो पीकेएल में खेलने का सपना कैसे विकसित हुआ,उन्होंने कहा, मैं हरियाणा के एक किसान परिवार से आता हूं। जब मैं 12 साल का था तब मैंने अपने गांव में कबड्डी खेलना शुरू किया था। विवो प्रो कबड्डी लीग के बहुत सारे खिलाड़ी हैं। जो हमारे गांव से निकले हैं जैसे विकास जगलान और नवीन शर्मा। पहले, हम अपने गांव में मनोरंजन के लिए खेल खेलते थे, लेकिन एक बार जब हमें विवो प्रो कबड्डी लीग के बारे में पता चला, तो हमने खेल में और भी बड़ी रुचि विकसित की और वीवो पीकेएल में खेलने का सपना देखना शुरू कर दिया।

एक बेहतरीन कबड्डी खिलाड़ी के अलावा, मीतू फिल्मों के शौकीन भी हैं,उन्होंने कहा, मैं अपने खाली समय में फिल्में देखता हूं। मैंने हाल ही में ब्रह्मास्त्र देखा। मेरे पसंदीदा अभिनेता सनी देओल हैं और मेरी पसंदीदा अभिनेत्री दीपिका पादुकोण हैं।

## दक्षिण कोरिया का दावा- खदेड़ दिए उत्तर कोरिया के 180 लड़ाकू विमान

**- कोरियाई प्रायद्वीप में लगातार बढ़ रहा तनाव, आमने-सामने आए दोनों देश**

**- बढ़ सकती दक्षिण कोरिया व अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास की अवधि**

**सोल।** उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के आमने-सामने आने से कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव लगातार बढ़ रहा है। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के 180 लड़ाकू विमानों को खदेड़ देने का दावा किया है। इस बीच दक्षिण कोरिया व अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास की अवधि बढ़ाए जाने की उम्मीद भी जताई जा रही है। उत्तर कोरिया ने एक साथ 23 मिसाइल दागी थी। दक्षिण कोरिया की ओर से भी जवाबी कार्रवाई किये जाने के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसके चलते दक्षिण कोरियाई द्वीप पर हवाई हमले के सायरन बजाए गए और लोगों को भूमिगत बंकरों में ले जाया गया। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी आपातकालीन मिसाइल दागने के बाद अलर्ट जारी कर दिया था। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने उनमें से एक मिसाइल के अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल होने की बात भी कही थी। इसके बाद अमेरिका ने



अवहेलना की है। इस कारण दुनियाभर के देशों को उत्तर आक्रोश व्यक्त करते हुए दुनियाभर से उत्तर कोरिया पर पाबंदी लगाने को कहा था। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एंड्रीन वाटसन ने कहा कि उत्तर कोरिया ने मिसाइल दाग कर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों की कोरिया पर कठोर प्रतिबंध लगाने चाहिए। उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण की कड़ी निंदा के साथ अमेरिका की ओर से कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी सुरक्षा टीम अपने सहयोगियों के साथ स्थिति का समग्र आकलन कर रही है। इस घटनाक्रम के बीच दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया कि उसने उत्तर कोरिया के 180 लड़ाकू विमानों को खदेड़ दिया। उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया की इस सीधी भिडंत के बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'विजिलेंट स्टॉर्म' भी चल रहा है। उत्तर कोरिया के सैन्य शासक किम जोंग उन इस संयुक्त सैन्य अभ्यास से चिढ़े हुए हैं। इसीलिए वे लगातार मिसाइल परीक्षण कर आक्रामक रुख दिखा रहे हैं। बुधवार को उत्तर कोरिया की ओर से दागी गयी एक मिसाइल दक्षिण कोरिया के समुद्री क्षेत्र में और एक अन्य मिसाइल जापान होते हुए प्रशांत महासागर में गिरी थी। इसके बाद जापान व दक्षिण कोरिया को अलर्ट जारी करना पड़ा था।

## राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बीच प्रदर्शनकारियों ने मनाया 1979 की घटना की वर्षगांठ

**वाशिंगटन।** ईरान में सितंबर में धर्माचार पुलिस की हिरासत में 22 वर्षीय युवती महसा अमीनी की मौत के बाद से जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच 1979 की घटना की वर्षगांठ मनाई गई, जब राजधानी तेहरान में अमेरिकी दूतावास को प्रदर्शनकारी छात्रों ने घेर लिया था। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने पूर्व अमेरिकी दूतावास भवन के सामने एकत्र हुए लोगों को संबोधित किया और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों की आलोचना की।उन्होंने कहा, 'सुरक्षा व्यवस्था बिगाड़ने और दंगे कराने की दिशा में काम करने वाले यह जान लें कि वे इस्लामी क्रांति के दुश्मनों के लिए काम कर रहे हैं।

अमेरिका को लगता है कि वह यहां भी वैसा कर सकता है, जैसा उसने सीरिया और लीबिया जैसे कुछ देशों में किया।' वर्षगांठ मनाने वालों ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के पुतले भी अपने साथ ले रखे थे। वे 'अमेरिका तेरी मौत हो, इजराइल तेरी मौत हो' जैसे नारे भी लगा रहे थे।उल्लेखनीय है कि



चार नवंबर 1979 को प्रदर्शनकारी छात्रों ने अमेरिकी दूतावास को घेर लिया था। वे गंभीर रूप से बीमार शाह मोहम्मद रजा पहलवी को अमेरिका में इलाज कराने के लिए तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर की मंजूरी मिलने से आक्रोशित थे। अमेरिकी दूतावास के घेराव के बाद कुछ कर्मचारी भागकर ईरान में कनाडा के राजदूत के घर चले गए थे और फिर सीआईए की मदद से अमेरिका रवाना हो गए थे।

## पति पर हमले के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से बोलीं पेलोसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी अपने पति पर बर्बर हमले के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आईं और उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के आगामी मध्यावधि चुनाव लोकतंत्र की लड़ाई है। पेलोसी ने वीडियो कॉल पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, 'लोगों ने मुझसे पूछा, हम आपको बेहतर महसूस कराने के लिए क्या कर सकते हैं? मैंने कहा: वोट!' पेलोसी ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस दौड़ में हमारे जीतने की बहुत संभावना है।' अपने पति की तबीयत के बारे में बताते हुए उनकी आवाज कई बार लड़खड़ा गई और उन्होंने कहा, 'इसमें अभी लंबा वक्त



लगेगा।' पेलोसी ने अपने पति पॉल पेलोसी (82) के प्रति समर्थन जताने वालों का आभार व्यक्त किया, जिन पर पिछले सप्ताह एक व्यक्ति ने घर में घुसकर हथौड़े से हमला कर दिया था। इस हमले में उनकी खोपड़ी और अन्य जगहों पर चोट लगी थी। अधिकारियों ने उन पर हुए हमले को जानबूझकर किया गया और राजनीतिक हमला करार दिया था। पेलोसी ने कैलिफॉर्निया से वीडियो कॉल पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, जहां देर रात उनके पति को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पेलोसी ने कहा, 'हम न केवल चुनाव जीतने बल्कि हमारे लोकतंत्र को मजबूत बनाने पर भी काम कर रहे हैं।

## जेलेंस्की ने अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार से कीव में की मुलाकात

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने देश की राजधानी कीव में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। समाचार एजेंसी ने राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते कहा कि अपनी



बैठक के दौरान, जेलेंस्की और सुलिवन ने रक्षा क्षेत्र में यूक्रेन के लिए अमेरिकी सहायता और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए कीव की क्षमता को बढ़ाने के तरीकों पर बात की।

बयान में कहा गया है कि उन्होंने यूक्रेन के लिए वित्तीय और मानवीय सहायता और युद्ध के मद्देनजर रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को मजबूत करने पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अंतरराज्यीय सहयोग को मजबूत करने, राज्य की संप्रभुता और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन करने के लिए पूरे यूक्रेनी लोगों की ओर से एनएसए का सम्मान किया। जेलेंस्की ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, इस मुश्किल घड़ी में हमारे देश का समर्थन करने के लिए सलाहकार का आभारी हूं। इससे पहले, सुलिवन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक से मुलाकात की, और यूक्रेनी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ वालेरी जालुजनी के साथ वीडियो कॉल पर बातचीत की।

# पुतिन ने फिर की भारत की तारीफ

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर भारत की प्रशंसा की है। उन्होंने भारतीयों को 'प्रतिभाशाली' और विकास में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने की महान क्षमता के साथ 'प्रेरित' कहा हैं। रूसी एकता दिवस के अवसर पर पुतिन उस क्षमता के बारे में उत्साहित थे जो मॉस्को के लंबे समय से सहयोगी भारत की अरबों की आबादी में है।

**व्लादिमीर पुतिन ने की भारत की तारीफ**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा आइए भारत को देखें- आंतरिक विकास के लिए इस तरह के अभियान के साथ एक प्रतिभाशाली, बहुत प्रेरित लोग। यह (भारत) निश्चित रूप से अपने विकास के मामले में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत के लगभग डेढ़ अरब लोग इसे प्राप्त करने में सक्षम हैं।

पिछले हफ्ते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के राजनीतिक नेतृत्व के बारे में उत्साहित थे और उन्होंने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। थिंक-टैंक वल्दाई क्लब के पूर्ण



सत्र में, उन्होंने कहा कि वैश्विक मामलों में नई दिल्ली की भूमिका आने वाले दिनों में बढ़ेगी और 'भविष्य भारत का है'।

**जयशंकर करेंगे मास्को की यात्रा**

पुतिन की यह टिप्पणी यूक्रेन में संघर्ष के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर की अगले सप्ताह मास्को यात्रा से पहले आई है। 7-8 नवंबर तक रूस की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान जयशंकर रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे।

भारतीय विदेश मंत्री दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उप प्रधान मंत्री और व्यापार और उद्योग मंत्री डेनिस मंटुरोव से भी मुलाकात करेंगे।

**रूस और भारत की दोस्ती है सबसे पुरानी**

रूस भारत के लिए एक समय-परीक्षणित भागीदार रहा है और देश नई दिल्ली की विदेश नीति का एक प्रमुख स्तंभ रहा है। अपनी ओर से, भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और यूक्रेन में मास्को की कार्रवाइयों से संबंधित प्रस्तावों से परहेज किया है। इसने कहा है कि कूटनीति और बातचीत के जरिए संघर्ष को सुलझाया जाना चाहिए। नई दिल्ली ने कई पश्चिमी शक्तियों द्वारा इस पर आपत्ति के बावजूद रूस से रियायती कच्चे तेल और कोयले के आयात में वृद्धि की है।

## इमरान खान ने कहा- प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने रची उनकी हत्या की साजिश

**लाहौर।** आजादी मार्च के दौरान कातिलाना हमले में गोली लगने से घायल पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैसल नसीर पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनकी हत्या की साजिश इन तीनों ने रची। इससे पहले इमरान खान ने आजादी मार्च को रोकने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ होने के बाद इसे फिर शुरू किया जाएगा। इमरान खान ने देर रात अस्पताल से राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन तीनों ने हत्या की साजिश रची लेकिन वह बच गए। हत्या की साजिश उसी तरह रची गई जैसी 2011 में पंजाब के गवर्नर सलमान तासीर को मारने के लिए



रची गई थी। तब एक धार्मिक कट्टरपंथी ने गवर्नर की हत्या कर दी थी।

इमरान ने कहा कि एक वीडियो में चार लोग साजिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो तब सार्वजनिक किया जाएगा, जब मेरे साथ कुछ बुरा हो जाएगा। उन्हें एक दिन पहले हत्या की साजिश की जानकारी कुछ लोगों ने दी थी। बताया गया था कि हमला वजीराबाद में होगा या

> उन्होंने कहा कि उनकी हत्या की साजिश इन तीनों ने रची। इससे पहले इमरान खान ने आजादी मार्च को रोकने की भी घोषणा की।

उसके बाद वाले ठिकाने पर। इमरान के दावे को गृहमंत्री राणा सनाउल्ला ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि इमरान झूठ बोल रहे हैं।

## रूस के एक कैफे में फ्लेयर गन के इस्तेमाल से लगी आग, 15 लोगों की मौत

**मास्को।** रूस के कोस्त्रोमा शहर में एक कैफे में आग लगने से शनिवार को 15 लोगों की मौत हो गयी। आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि कैफे में सुबह के समय एक विवाद के दौरान किसी ने फ्लेयर गन का इस्तेमाल किया, जिसके बाद आग लग गयी। बचावकर्ताओं ने



250 लोगों को बाहर निकाला। कोस्त्रोमा उत्तरी मॉस्को से करीब 340 किलोमीटर दूर स्थित है।अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के दौरान कैफे की छत गिर गयी। उन्होंने कहा कि मामले की आपराधिक जांच शुरू कर दी गयी है और पुलिस फ्लेयर गन (ऐसी पिस्तौल जिससे आग निकलती है) का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है।

## अमेरिका में न्यू ओमीक्रोन सबवेरिएंट से आ रहे कोविड के 35 प्रतिशत से अधिक मामले

**लॉस एंजेलिस।** यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार इस सप्ताह अमेरिका में आए कोविड-19 के कुल मामलों में न्यू ओमीक्रोन सबवेरिएंट्स बीक्यू.1 और बीक्यू.1.1 का हिस्सा 35 प्रतिशत से अधिक रहा। समाचार एजेंसी ने सीडीसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि बीक्यू.1.1 में लगभग 19 प्रतिशत सर्कुलेटिंग वेरिएंट हैं और बीक्यू.1 में इस सप्ताह 16.5 प्रतिशत




सर्कुलेटिंग केस होने का अनुमान है। दोनो नए वेरिएंट अक्टूबर से विशेष रूप से तेजी से बढ़ रहे हैं। सीडीसी के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले हफ्ते देश भर में कोविड-19 के प्रति चार नए संक्रमणों में से एक उपरोक्त दोनों वेरिएंट ही कारण रहे हैं। ये वेरिएंट यूरोप में तेजी से फैल रहे हैं।

## अंतरिक्ष में अनियंत्रित हुआ चीनी रॉकेट बना दुनिया के लिए चिंता का सबब

**बीजिंग।** चीन का कोर बूस्टर रॉकेट लॉन्ग मार्च 5बी अंतरिक्ष में अनियंत्रित होने के बाद दुनिया के लिए चिंता का कारण बन गया है। अनियंत्रित रॉकेट तेज गति से धरती की तरफ तेजी से बढ़ने के कारण दुनियाभर के लोगों के लिए चिंता का कारण बन गया है। अंतरिक्ष विशेषज्ञ अभी तक इस बात की गणना नहीं कर सके हैं कि यह रॉकेट कब और कहां गिरेगा। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यह अगले कुछ घंटों में कहीं भी क्रैश कर सकता है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने बताया कि चीनी रॉकेट के टुकड़े अमेरिका, भारत, चीन, दक्षिण पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में गिर सकते हैं। वहीं इस खतरे को देखते हुए स्पेन ने अपना एयरपोर्ट बंद कर दिया है। स्पेन का कहना है कि स्पेनिश एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने 23 टन के चीनी रॉकेट के मलबे को अपने देश से गुजरते हुए नोटिस किया है।

चीन का रॉकेट लॉन्ग मार्च 5बी का कोर बूस्टर है। इसे 31 अक्टूबर को लॉन्च किया गया



था। इस रॉकेट की मदद से तियांगोंगे स्पेस स्टेशन के लिए एक एक्सपेरिमेंटल लेबोरेटरी मॉड्यूल को स्पेस में भेजा गया था। रिपोर्टर्स के मुताबिक इसका वजन करीब 23 टन है, जिसकी ऊंचाई 59 फुट है। अगर यह रॉकेट किसी शहर या क्षेत्र में गिरता है तो बड़े स्तर पर जान-माल का नुकसान हो सकता है।

अमेरिकी स्पेस रिसर्च एजेंसी (नासा) का कहना है कि चीन के स्पेस अधिकारियों ने इस खतरे को पैदा किया है। नासा पहले भी कई बार चीन की ऐसी हरकतों को गैर-जिम्मेदार बता चुका है। 2 साल में यह चौथी बार है, जब चीनी रॉकेट का मलबा धरती पर गिर सकता है। इससे पहले 30-31 जुलाई की रात रॉकेट के कुछ टुकड़े धरती पर गिरे थे। 25 टन का ये रॉकेट 24 जुलाई को चीन के अधूरे तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन को पूरा करने के लिए एक मॉड्यूल लेकर निकला था। इसको लेकर भी वैज्ञानिकों ने चिंता जाहिर की थी। जुलाई से पहले मई 2021 में हिंद महासागर और मई 2020 में आइवरी कोस्ट पर रॉकेट का मलबा गिरा था। हालांकि दोनों मामलों में जान-माल का नुकसान नहीं हुआ था।

द एयरोस्पेस कॉर्पोरेशन के मुताबिक जो मलबा पृथ्वी के वातावरण में नहीं जलता वो आबादी वाले इलाकों में गिर सकता है, लेकिन इस मलबे से किसी को नुकसान पहुंचाने की संभावना बहुत ही कम होती है। अमेरिका के ऑर्बिटल डॉबरीज मिटिगेशन स्टैंडर्ड प्रैक्टिसेज की 2019 में जारी हुई एक रिपोर्ट के मुताबिक किसी रॉकेट के अनियंत्रित होकर धरती में फिर से प्रवेश करने पर किसी के हताहत होने की संभावना 10 हजार में एक है।

## सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करने पर अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर कार्रवाई का किया आग्रह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से उत्तर कोरिया की भड़काऊ कार्रवाइयों के लिए उसे जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया। समाचार एजेंसी ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने भी अड़ियल देश पर यूएनएससी प्रतिबंधों को पूरी तरह से लागू करने के महत्व पर जोर दिया। न्यूयॉर्क में आयोजित सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि उत्तर कोरिया ने सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का खुलेआम उल्लंघन करते हुए में घातक हथियारों का परीक्षण जारी रखा है। इसलिए उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों की निंदा करता है। यूएनएससी की हुई बैठक में उत्तर कोरिया को जिम्मेदार ठहराने या उसके लगातार उकसावे को रोकने के संभावित उपायों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि यूएनएससी प्रस्तावों का प्योंगयांग द्वारा किए जा रहे बार-बार उल्लंघन को सही ठहराने के लिए बीजिंग और मॉस्को ने सुरक्षा परिषद का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि मैं परिषद के सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी की याद दिलाना चाहती हूं। थॉमस-ग्रीनफील्ड ने उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपणों का जिक्र करते हुए कहा, संयुक्त राष्ट्र के एक सदस्य देश का सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का खुले तौर पर उल्लंघन करना और इस इस मुद्दे पर परिषद की चुप्पी भयावह है। चीन व रूस ने अमेरिका व दक्षिण कोरिया पर उत्तर कोरिया को मिसाइल प्रक्षेपण के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

## सीसीपीए ने बीआईएस मानकों के उल्लंघन में घरेलू प्रेशर कूकर बेचने पर क्लाउडटेल पर लगाया जुमार्ना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के मुख्य आयुक्त निधि खरे की अध्यक्षता में क्लाउडटेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध गुणवत्ता नियंत्रण आदेश, 2020 में निर्धारित अनिवार्य मानकों के उल्लंघन में घरेलू प्रेशर कूकरों को बेचने के मामले में आदेश पारित किया है। सीसीपीए ने स्वतः कार्रवाई शुरू की है। सीसीपीए ने अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, पेटीएम मॉल, शॉपक्लूज और स्नैपडील सहित प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ-साथ इन प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत विक्रेताओं को नोटिस जारी किया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।